नई दिल्ली
सोमवार, 4 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 111
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 28.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



9 ब्राजील ने जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब

haribhoomi.com




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

आधार कार्ड पर$ लोन और कैश EMI

Get instant discount up to 10,000# on your credit card EMI
HDFC BANK & on select cards#.
Powered by pine labs
*T&C apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.T&C apply.

टोल फ्री
1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310. Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63 - 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248; Sohna: Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.

VML.5827.2025

## चोरी के 34 मोबाइल के साथ महिला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने 32 वर्षीय एक महिला को चोरी के मोबाइल फोन की खरीद फरोख्त करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके पास चोरी के 34 मोबाइल फोन और एक टैबलेट जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि तैमूर नगर निवासी जैस्मीन को एक अगस्त को नियमित गश्त के दौरान पकड़ा गया था। पुलिस के अनुसार तैमूर नगर के पास जैस्मीन को रोका था। उसके पास एक बड़ा बैग था। बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 34 मोबाइल फोन और एक टैबलेट बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार जैस्मीन एक आदतन अपराधी है और वह चोरी से संबंधित चार मामलों में पहले भी शामिल रह चुकी है। पूछताछ के दौरान महिला ने खुलासा किया कि वह दो लोगों से चोरी के मोबाइल फोन सस्ते दामों पर खरीदती थी और मुनाफे के लिए उन्हें ऊंचे दामों पर बेचती थी।

### आठ साल के बच्चे को किया था अगवा

# फिरौती और हत्या में शामिल आरोपी 26 साल बाद पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



अपराध शाखा की एआरएससी टीम द्वारा अपहरण, फिरौती और हत्या के मामले में शामिल रहे एक दर्जी को गिरफ्तार किया है। पैरोल जंपर और आजीवन कारावास की सजा पा चुके आरोपी को 26 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। इसने एक व्यवसायी के आठ साल के बेटे को फिरौती के लिये अगवा किया था। बच्चे की सुरक्षित रिहाई के बदले में 30 हजार की फिरौती मांगी गई थी। इसे 1996 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और 1999 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसे छह सप्ताह के लिए पैरोल पर रिहा कर दिया था।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार अपहरणकर्ता हत्यारे राज किशोर उर्फ बड़े लल्ला (55) निवासी कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। राज किशोर ने एक कपड़ा व्यवसायी के आठ वर्षीय बेटे का 30,000 रुपये की फिरौती के लिए अपहरण किया था। फिरौती की रकम मिलने के बाद उसने बच्चे की बेरहमी से हत्या कर दी थी और शव को कल्याणपुरी के पास स्थित एक नाले में फेंक दिया था। इस संबंध में पूर्वी जिले के कल्याणपुरी थाने में 28 दिसंबर 1993 को एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी राज किशोर के इस कृत्य में साथी बिजय भी शामिल था। राज किशोर ने बच्चे की गला घोंटकर हत्या की थी। 1999 में छह सप्ताह के लिए रिहा होने पर इसने आत्मसमर्पण नहीं किया। 26 मार्च 2014 को इसे भगौड़ा घोषित किया गया था। पैरोल जंप करने के बाद वह वर्तमान में कानपुर में रह रहा था। छापेमारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद इसे गिरफ्तार करने के लिए कानपुर में कई छापे मारे गए लेकिन वह इलाके में अपने स्थानीय समर्थकों के कारण भागने में सफल रहा। आखिरकार दो अगस्त को इसे दबोच लिया गया। आरोपी पैरोल की अवधि पूरी होने के बाद भारत के विभिन्न क्षेत्रों में छिपता रहा। चार साल तक पटना, 13 साल तक जयपुर और तीन साल तक पंजाब के बरनाला जिले में रहा। इस दौरान वह कभी-कभी अपने गृहनगर कानपुर आता था। बाद में कोविड काल के दौरान वह कानपुर देहात में अपने पैतृक निवास और आसपास के इलाके में रहने लगा और अपनी सिलाई की दुकान खोल ली।

## दुर्घटना के बाद कार में आग लगने से शख्स की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- एक झुलसा बाहरी दिल्ली के होलंबी खुर्द इलाके की घटना

बाहरी उत्तरी दिल्ली के होलंबी खुर्द इलाके में शनिवार देर रात एक कार में डिवाइडर से टकराने के बाद आग लग गई। इस हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की झुलस कर मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतक कार चालक की पहचान विपेंद्र और घायल का नाम जगबीर बताया गया है। दोनों पानीपत के रहने वाले है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 पर झंडा चौक के पास देर रात करीब दो बजे हुई। पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची, जहां उसे एक सफेद रंग की अर्टिगा कार जली हुई हालत में मिली। पुलिस के अनुसार वाहन चालक मृत पाया गया, जबकि बगल वाली सीट से एक अन्य व्यक्ति को बचाया गया, जो झुलसा हुआ था। घायल जगबीर को तुरंत नरेला के एसआरएचसी अस्पताल ले जाया गया था। विपेंद्र के शव को बीजेआरएम अस्पताल भिजवाया गया है। शुरुआती तौर पर आशंका जताई गई है कि हरियाणा रजिस्ट्रेशन वाली कार के चालक ने नींद या अन्य कारण से अपना नियंत्रण वाहन से खो दिया। इसके बाद कार डिवाइडर से जा टकराई और तुरंत उसमें आग लग गई। पुलिस ने घटना के संबंध एक मामला दर्ज कर लिया गया है और आग लगने के कारणों और दुर्घटना की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## सोशल मीडिया पर महिला को ब्लैकमेल करने वाला दबोचा

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस ने एक महिला की निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करके उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम बुलंदशहर निवासी प्रभात चौधरी उर्फ पीयूष बताया गया है। इसका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी फिलहाल बेरोजगार था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़ित लड़की के भाई ने शिकायत दर्ज करायी कि उसके परिचित व्यक्ति ने उसकी बहन की अश्लील तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से भेजे हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी तस्वीरों और वीडियो का इस्तेमाल उसकी बहन को ब्लैकमेल करने के लिए कर रहा था और उसने धमकी दी थी कि अगर उसकी मांगें पूरी नहीं की गई तो वह इन्हें सार्वजनिक कर देगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई। शुरुआत में टीम ने आरोपी के बुलंदशहर पते पर छापा मारा, लेकिन वह ठिकाना बदल चुका था। उसकी डिजिटल गतिविधियों का विश्लेषण किया गया और उसे पकड़ने में पुलिस सफल रही। आरोपी शिकायतकर्ता का ही रिश्तेदार है। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। कड़ी पूछताछ के दौरान प्रभात चौधरी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री पेश करेंगी दो सीएजी रिपोर्ट, हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- दिल्ली विधानसभा मानसून सत्र आज से शुरू

दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सदन पटल पर दो महत्वपूर्ण नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट्स पेश करेंगी। इस दौरान सदन में हंगामा देखने को मिल सकता है। यह कैग रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्टेट फाइनेंस और दूसरी रिपोर्ट 'वेल्फेयर ऑफ बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स' से जुड़ी है। जानकारी के अनुसार कैग की पहली रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए दिल्ली के स्टेट फाइनेंस से जुड़ी है, जिसमें राज्य की वित्तीय स्थिति, सरकारी खर्चों, और वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा की गई है। वहीं, दूसरी रिपोर्ट 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए, निर्माण श्रमिकों के लिए लागू योजनाओं और उनके कल्याण के लिए किए गए प्रयासों की जांच करती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इन रिपोर्ट्स को पेश करने के साथ ही सत्र में इन पर चर्चा होने की संभावना है। विपक्षी दल, आम आदमी पार्टी (आप), सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर सकता है। इस सत्र के दौरान झुग्गी तोड़ने जैसे मुद्दों पर भी विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश करेगा, वहीं सरकार अपनी उपलब्धियों को मानसून सत्र के दौरान सामने रख सकती है। गौरतलब है कि इस बार का विधानसभा सत्र आज 4 अगस्त से शुरू होकर 8 अगस्त तक चलेगा। इस बार के विधानसभा सत्र में शिक्षा से जुड़ा नया बिल लाया जाएगा। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, विधानसभा की बैठकें 4 अगस्त से 8 अगस्त तक निर्धारित की गई हैं।

## फीस निर्धारण विधेयक के नाम पर छात्रों के अभिभावकों को भ्रमित कर रही है भाजपा सरकारः देवेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रेखा गुप्ता सरकार पर आरोप लगाए है कि फीस निर्धारण विधेयक के नाम पर छात्रों के अभिभावकों को भ्रमित कर रही है। उन्होंने सीएम रेखा से मांग की है कि दिल्ली स्कूल एजुकेशन विधेयक 2025 को तत्काल सुधार के लिए वापस लिया जाए। इसके अलावा अभिभावकों, शिक्षाविदों और छात्रों सहित सभी पक्षों से संवाद कर एक व्यावहारिक, पारदर्शी और न्यायसंगत कानून लाया जाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की तरह भाजपा भी शिक्षा सुधार के नाम पर सिर्फ और सिर्फ दिखावा कर रही है। पांच महीने में मुख्यमंत्री यह तय नहीं कर सकी कि बिल को अध्यादेश के रूप में लाएं या विधानसभा में पेश करें। उनकी असमंजसता से साफ हो गया है कि शिक्षा को लेकर भाजपा सरकार की नीयत असंवेदनशील और अस्पष्ट है। जबकि इसस पहले की आम आदमी पार्टी की सरकार ने भी निजी स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी रोकने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं बनाई थी। यह किसी जनदबाव या जनाक्रोश की प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश है। उन्होंने कहा कि डीपीएस द्वारा मनमानी फीस वसूलने जैसे मामलों की सच्चाई आज सभी के सामने है, लेकिन इस पर सरकार गंभीर कदम उठाने से बच रही है। दिल्ली स्कूल एजुकेशन विधेयक में ऐसी व्यवस्था की गई है कि डिस्ट्रिक्ट फीस अपीलीट कमेटी के पास कोई शिकायत केवल तब ही की जा सकती है जब कम से कम 15 प्रतिशत अभिभावक सामूहिक रूप से आवेदन करें। इस प्रावधान से आम अभिभावक न्याय की पहुंच से दूर हो होगा और स्कूल प्रबंधन मनमानी करता रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फीस निर्धारण समितियों का गठन और सदस्यों का चयन पूरी तरह से स्कूलों के नियंत्रण में होगा, जिससे पारदर्शिता समाप्त हो जाएगी और निष्पक्षता की कोई गारंटी नहीं रह जाएगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पारदर्शिता लाने के बजाय नियंत्रण और जटिलता की कई परतें खड़ी कर रहा है, जिससे विवाद और मुकदमेबाजी की स्थिति और ज्यादा बढ़ेगी। यादव ने सवाल उठाया कि अभिभावकों के प्रतिनिधि आखिर चुने कैसे जाएंगे, क्या पूरे दिल्ली के निजी स्कूलों में अभिभावकों का चुनाव होगा, क्या यह पूरे दिल्ली का आम चुनाव कराने जैसी प्रक्रिया नहीं हो जाएगी। उन्होंने पूछा कि कितने गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों में वैध अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन (पीटीए) सक्रिय है। अगर यह है ही नहीं तो फिर स्कूल-स्तरीय फीस नियमन समिति में पांच अभिभावकों का चयन कैसे संभव होगा। यादव ने दिल्ली स्कूल एजुकेशन विधेयक 2025 को अभिभावक विरोधी और शिक्षा विरोधी करार देते हुए मांग की कि इसे तत्काल सुधार के लिए वापस लिया जाए और अभिभावकों, शिक्षाविदों और छात्रों सहित सभी पक्षों से संवाद कर एक व्यावहारिक, पारदर्शी और न्यायसंगत कानून लाया जाए।

## महिला ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



सनलाइट कॉलोनी क्षेत्र में शनिवार को एक विवाहित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का नाम साधना (20) बताया गया है। डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी योगेश से हुई थी। चूंकि शादी को सात वर्ष पूरे नहीं हुये थे इसलिये मामले की जांच डिफेंस कालोनी एसडीएम द्वारा की जा रही है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सनलाइट कालोनी थाने का स्टाफ घटनास्थल जे 64, आईजी कैंप, सिद्धार्थ बस्ती पहुंचा, जहां साधना पत्नी योगेश फांसी लगाने के कारण मृत पाई गई। जांच करने पर पता चला कि कमरे में साधना के अलावा कोई मौजूद नहीं था। साधना की शादी डेढ़ साल पहले ही योगेश से हुई थी। क्राइम टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की गई। मृतका की मां और एसडीएम को तुरंत सूचित किया गया क्योंकि आत्महत्या उसकी शादी के सात साल के भीतर हुई थी। एसडीएम द्वारा मृतका की मां और भाई का बयान दर्ज किया गया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव मृतका के परिवार को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि एसडीएम डिफेंस कॉलोनी द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन के सामने आवारा गाय आने से अलग-अलग जगह दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली






- एक पहुंचा अस्पताल तो दूसरे ने लिखा पुलिस को पत्र

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के काफिले में मार्च 2025 के दौरान एकाएक आई आवारा गायों के बाद भी आवारा गायों पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है और इन दिनों भी कई इलाकों में ये आवारा गाय, पशु लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं जबकि दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय और वार्ड समिति की बैठकों में भी यह मुद्दा जोरशोर से उठाया जाता है। पिछले दो दिनों में अलग अलग इलाकों में आवारा गाय सामने आने से दो युवक घायल हो चुके हैं। पहला मामला नरेला क्षेत्र से गुरुवार शाम करीब 6 बजे का बताया गया है। यहां नरेला में हरिश्चंद्र अस्पताल मार्ग पर करीब 24 वर्षीय युवक मोहित कुमार के अगले वाहन के सामने अचानक एक गाय आ गई और वाहन ने जैसे ही ब्रेक लगाए तो मोहित की बाइक भी अगले वाहन से टकरा गई और चोटिल हो गया। मोहित को एक निजी अस्पताल में एडमिट होना पड़ा। वहीं, दूसरा मामला शुक्रवार सुबह करीब पौने नौ बजे का है और द्वारका से डाबड़ी मार्ग के बीच विजय एंक्लेव सीतापुरी के आसपास का है। पंकज इस रास्ते से जा रहा था और बीच रास्ते में आई आवारा गाय को बचाने के लिए गिर गया, जिसके चलते चोटिल हो गया। इसे लेकर उन्होंने पुलिस को पत्र लिखा और निगम प्रशासन पर एक्शन लेने की बात कही।

### दिल्ली सरकार और निगम को देना चाहिए ध्यान

कांग्रेस नेता सुरेन्द्र महरोलिया ने कहा है कि दिल्ली सरकार और निगम प्रशासन को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नरेला, बवाना सहित कई मार्गों पर बीचों बीच आवारा पशु गाय, सांढ आदि खड़े रहते हैं और बाइक सवार व पैदल राहगीर अचानक इनकी चपेट में आ जाते हैं जिससे कुछ अपाहिज तो कुछ जान गंवा चुके हैं। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में गंभीर मरीज के उपचार की सुविधा नहीं होने से निजी अस्पतालों में महंगा उपचार कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

## दिल्ली देहात में नहीं थम रही यूरिया खाद की कालाबाजारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- आरडब्ल्यूए और किसान मोर्चा ने दोषियों पर की कड़ी कार्रवाई की मांग

दिल्ली देहात के किसानों को एक बार फिर से खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। 'नरेला', 'बांकनेर' और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 'यूरिया खाद की कालाबाजारी' लगातार जारी है, जिससे किसानों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि करीब 13 दिन पहले ही भाजपा किसान मोर्चा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं मनोनीत निगम पार्षद विनोद सहरावत ने नरेला थाने में ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। आरडब्ल्यूए ने दिल्ली सरकार, मुख्यमंत्री कार्यालय, कृषि विभाग और पुलिस प्रशासन से अपील है कि दिल्ली देहात में खाद की कालाबाजारी करने वाले गिरोहों को तुरंत चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें, ताकि देश का अन्नदाता चैन से खेती कर सके।

### गंभीर मामला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के संज्ञान में लाया जाए

नरेला में खाद के अवैध व्यापार को लेकर बांकनेर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एस.एल. खत्री ने भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि यह गंभीर मामला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के संज्ञान में लाया जाए और अविलंब दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। आरडब्ल्यूए का कहना है कि खाद की यह कालाबाजारी न केवल किसानों के अधिकार का हनन है, बल्कि सरकार की सब्सिडी नीति का भी मजाक उड़ाया जा रहा है।

### पुलिस की ढिलाई से हौसले बुलंद

आरडब्ल्यूए के पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि स्थानीय पुलिस द्वारा दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न होने के कारण खाद की कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। वे खुलेआम यूरिया खाद की जमाखोरी और अवैध बिक्री कर रहे हैं। 31 जुलाई 2025 की रात को किसान मोर्चा की टीम के पवन खत्री (मोनी) और अमित कुमार ने साहस का परिचय देते हुए एक ट्रक भर यूरिया खाद को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अभी तक किसी बड़ी गिरफ्तारी या कानूनी कार्रवाई की सूचना नहीं है।

### किसानों के हक पर चोट

ग्रामीण क्षेत्रों में फसल की बुआई का समय चल रहा है, ऐसे में 'सब्सिडी युक्त यूरिया खाद की अनुपलब्धता' किसानों के लिए भारी संकट बन गई है। कालाबाजारी के कारण किसानों को बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ गई है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एस.एल. खत्री ने कहा कि दिल्ली देहात के किसानों को राहत देने के लिए यूरिया खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक जरूरी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

## निगम के शिक्षा विभाग में ट्रांसफर मामलों की ऑडिट जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर एक बार फिर बड़े घोटाले की परतें खुल रही हैं। तीनों निगमों के एकीकरण के बाद बीते तीन वर्षों के दौरान हुए ट्रांसफर मामलों की ऑडिट जांच शुरू कर दी गई है। यह निर्णय निगम के ऑडिट विभाग ने तब लिया जब 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। बताया गया है कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को नजरअंदाज किया गया है और मैन्युअल लिस्ट में धांधली हुई है। शिक्षक न्याय मंच के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम में शिक्षा समिति के गठन से अब उम्मीद की किरण जगी है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के पारदर्शी और निष्पक्ष ट्रांसफर की मांग को लेकर हम सालों से संघर्ष कर रहे हैं। इसी मुद्दे को उठाने के कारण मुझे निलंबित कर दिया गया था। लेकिन अब जब निगम में शिक्षा समिति का गठन होने जा रहा है, तब यह उम्मीद की जा सकती है कि अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

### क्षेत्र में सफाई अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का लिया जायजा

# ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए और करें देख-रेखः महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



शहर कंक्रीट के जंगल बनते जा रहे हैं जिसके लिए हमें जरूरत है कि हम सभी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए और पौधों की देख-रेख करें ताकि हम सब पर्यावरण को हरा भरा और स्वच्छ बना सके। यह हरियाली की ओर पहला क्रदम होगा। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने रविवार को तीसरा पुस्ता, रिज एरिया में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि हर नागरिक यदि एक पौधा लगाए तो दिल्ली को हराभरा और प्रदूषण मुक्त बनाना संभव है। इस दौरान यहां क्षेत्र में "दिल्ली को कूड़े से आजादी स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जायजा भी लिया। इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, गोंडा विधानसभा से विधायक अजय महावर, क्षेत्रीय निगम पार्षद रेखा रानी, निगम पार्षद, प्रमोद गुप्ता निगम पार्षद, प्रीति गुप्ता तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे। महापौर ने यह भी जोर दिया कि पर्यावरण और स्वच्छता के संकल्प को साकार करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने विकासपुरी में चलाया स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली।** 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान के तहत दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र विकासपुरी के रनहौला गांव में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। 1 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली को स्वच्छ, सुन्दर और हरा-भरा बनाना है। रनहौला गांव में स्वच्छता अभियान के पश्चात डॉक्टर सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया और नागरिकों से वृक्षारोपण को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की अपील की। इसके बाद उन्होंने विकासपुरी कैंप कार्यालय में भी स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. सिंह ने अपनी टीम के सदस्यों को रोजमर्रा के कार्य में स्वच्छता को शामिल करने के लिए प्रेरित किया और उनसे आग्रह किया कि वे अपने कार्यस्थलों एवं समुदायों में स्वच्छ दिल्ली के संदेश देकर एक सशक्त प्रतिनिधि बनें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण कर संरक्षण की जिम्मेदारी भी लें : इंद्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को रोहिणी सेक्टर-28 में आयोजित वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान में विशेष सहयोग का आग्रह भी किया। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने इसरावती प्रकृति सेवा संस्थान में निगम पार्षद अंजू अमन कुमार और स्थानीय लोगों के साथ अभियान में सहभागिता की। इसके तहत स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बड़ी संख्या में छायादार व फलदार पौधों का रोपण पार्कों, सड़कों के किनारों और अन्य जगहों पर किया गया। मंत्री इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर वन महोत्सव के तहत दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाये जा रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी हिस्सा बिना पौधे के न रह जाए। अपने रिहायशी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण में सहयोग करें एवं उनके संरक्षण का संकल्प भी लें। इंद्राज ने कहा कि बवाना एक बड़ी ग्रामीण विधानसभा है, जनसहयोग से इसे हरियाली के क्षेत्र में आदर्श विधानसभा बनाना है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि अगस्त माह में आजादी का पर्व मनाने के साथ ही हमें दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान में भी वालंटियर के रूप में महत्वपूर्ण योगदान देना है। उन्होंने आग्रह किया कि घर में सूखा कूड़ा-गीला कूड़ा अलग कर नगर निगम वाहन में डालें। रोजमर्रा की जरुरतों के लिए पॉलीथिन की बजाए कपड़े या जूट का बैग इस्तेमाल करें। खाद्य पदार्थों के रैपर्स सड़क पर किसी को न फेंकने दें, इससे नालियां जाम हो सकती हैं। जैसे घर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही अपने कार्यालय, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और शहर को स्वच्छ रखें।

नई दिल्ली
सोमवार, 4 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 111
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 28.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 नेशनल बैंक ओपन : विक्टोरिया ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर

# अपने ही जाल में उलझे तेजस्वी, चुनाव आयोग ने थमाया नोटिस, चिदंबरम को भी चेताया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार की मतदाता सूची को लेकर उठे विवाद पर चुनाव आयोग ने रविवार को स्पष्ट और करारा जवाब देते हुए तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि पदों के 'राजनीतिक दुरुपयोग' और जनता को 'गुमराह' करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पहले कदम के रूप में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव को चुनाव आयोग ने उनके ही बयान के आधार पर उनको घेर लिया है।

### आयोग ने कहा स्थिति स्पष्ट करें



नोटिस जारी कर उनसे कहा गया है कि जिस मतदाता पहचान पत्र की संख्या बताकर उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर ये बताया कि उनका नाम काट दिया गया वो चुनाव आयोग द्वारा जारी ही नहीं किया गया। उनसे कहा गया है कि ओरीजिनल आईकार्ड लेकर वे चुनाव अधिकारी से मिलकर वस्तुस्थिति साफ करें क्यों कि उनके नाम से जो मतदाता पत्र जारी किया गया है उसका एपिक नंबर कुछ और है जिसके तहत तेजस्वी यादव का नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो आखिर दूसरा मतदाता पहचान पत्र तेजस्वी यादव के पास कहां से आया, जब चुनाव आयोग ने जारी ही नहीं किया? इस बडे सवाल पर कानूनी रूप से तेजस्वी यादव घिरते नजर आ रहे हैं।

## तेजस्वी यादव के दो एपिक कार्ड? आयोग ने जताई फर्जीवाड़े की आशंका

राजद नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि उनका नाम बिहार की मतदाता सूची से गायब कर दिया गया है और उन्होंने एक एपिक नंबर (आरएबी 2916120) सार्वजनिक किया। लेकिन चुनाव आयोग ने खुलासा किया कि तेजस्वी का असली एपिक नंबर आरएबी 0456228 है और वह बिहार की दिघा विधानसभा सीट की सूची में क्रम संख्या 416 पर दर्ज हैं। आयोग ने आगे बताया कि जिस नंबर का हवाला तेजस्वी दे रहे हैं, वह कभी जारी ही नहीं किया गया। इस नंबर को संदिग्ध मानते हुए आयोग ने तेजस्वी यादव से कार्ड की सॉफ्ट कॉपी या फिजिकल प्रति तत्काल सौंपने की मांग की है ताकि यह जांच की जा सके कि किसी प्रकार का दोहरे वोटर कार्ड का फर्जीवाड़ा तो नहीं हुआ?

### पी. चिदंबरम पर भी निशाना, कहा- राजनीतिकरण न करें

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत 65 लाख नामों के हटाए जाने को 'मास-वंचना' बताया था और इसे लोकतंत्र पर चोट करार दिया। इसके जवाब में चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और नियमों के अनुसार की गई है। जो मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं या जिनका सत्यापन नहीं हो पाया, उन्हें नियमों के अनुसार सूची से हटाया गया है। चिदंबरम द्वारा लगाए गए इस आरोप पर भी आयोग ने स्पष्टीकरण जारी किया कि तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों के नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया भी नियमबद्ध तरीके से हुई और उसे जातीय या भाषाई राजनीति से जोड़ना दुर्भावनापूर्ण है। आयोग ने स्पष्ट किया कि अगर बिहार का कोई शख्स लंबे समय से चेन्नई या दिल्ली में रहता है तो उसका वोटर आईकार्ड नियमतः उसी राज्य का होना चाहिए। ऐसे संवेदनशील विषयों पर वरिष्ठ राजनेताओं को राजनीति करने से बाज आनी चाहिए। गलत सूचना फैलाकर वोटरों को गफलत में नहीं डालना चाहिए।

### वरिष्ठ नेता तथ्यों के साथ बात रखें

विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव आयोग द्वारा इस तरह से तथ्यों के साथ जवाब देना ना केवल राजनीतिक भ्रम को दूर करता है, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तेजस्वी और चिदंबरम जैसे वरिष्ठ नेताओं को अब तथ्यों के साथ बात करनी होगी, क्योंकि आयोग का रुख साफ है, झूठे प्रचार और गलत जानकारी से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गुमराह नहीं किया जा सकता।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 10 को करेंगे बेंगलुरु मेट्रो का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को बेंगलुरु को एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। पीएम शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित यलो लाइन मेट्रो का उद्घाटन करेंगे, इसके साथ ही बेंगलुरु मेट्रो के फेज-3 का शिलान्यास भी करेंगे। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस बात की जानकारी दी। सूर्या ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है।

### गरीबों के बैंक खाते 55 करोड़ के पार



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत गरीबों के बैंक खातों की संख्या 55 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से अधिकतर ऐसे लोगों के हैं, जो कभी बैंक के दरवाजे तक भी नहीं गए। एक्स पर एक पोस्ट में, वित्त मंत्री ने कहा योजना के 10 साल पूरे हुए हैं।

### 301 शहरों में नीट पीजी परीक्षा का आयोजन



**नई दिल्ली।** नीट-पीजी परीक्षा में इस साल 2.42 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। यह परीक्षा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा देशभर के 301 शहरों और 1,052 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। संवेदनशील केंद्रों पर किसी भी प्रकार की नकल को रोकने के लिए लगभग 300 साइबर कमांडो तैनात किए गए थे।

पहलगाम हमले पर कांग्रेस नेता ने दिया विवादित बयान, भाजपा ने भी सुना दी खरी-खोटी

# मणिशंकर बोले- पहलगाम हमले के लिए कोई देश पाकिस्तान को दोषी नहीं मान रहा

**राजनाथ ने कहा- आपको भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करना चाहिए... जनाब**

*कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अय्यर ने कहा कि अभी तक हमारे पास कोई सबूत नहीं है कि यह हमला पाकिस्तान की तरफ से की गई साजिश का नतीजा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था, इसका कोई सबूत नहीं है। इतना ही नहीं अय्यर ने कहा कि भारत ने जिन 33 देशों में अपने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा था, उन्होंने भी इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं माना। एक इंटरव्यू के दौरान मणिशंकर अय्यर ने ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का साथ देने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, थरूर और उनकी टीम ने जिन 33 देशों का दौरा किया था, उनमें से किसी ने भी पहलगाम आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। न ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने और न ही अमेरिका ने पाकिस्तान ▶▶ शेष पेज 5 पर

***कांग्रेस नेता शशि थरूर पर साधा निशाना कहा- उन्हे केंद्र ने डेलिगेशन के लिए क्यों चुना?***

***7 भारतीय डेलिगेशन को 33 देशों में भेजा था, जिसमें थरूर भी शामिल थे***



**भाजपा ने कहा- शायद कांग्रेस को यह नहीं पता कि आतंकवाद का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निगरानी पैनल ने टीआरएफ की भूमिका पर चिंता जताई है**

### थरूर पर सवाल उठाए फिर बोले-हां इजराइल ने माना

कांग्रेस नेता ने कहा, हम अकेले कह रहे हैं कि पाकिस्तान इसके पीछे है, लेकिन किसी ने हमारी बात पर भरोसा नहीं किया। हम कोई ऐसा सबूत पेश नहीं कर पाए जिससे दुनिया को यकीन हो। बता दें, शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र में वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं और बाद में भारतीय राजनीति में आए थे। लेकिन अय्यर ने सवाल किया कि केंद्र ने कांग्रेस की सिफारिश के बिना ही उन्हें क्यों चुना।थरूर और उनके साथी चाहे जितना भी घूम लें, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस ने भगवा आतंक की झूठी कहानी गढ़ी थी: रक्षा मंत्री



मणिशंकर अय्यर के बयान के बाद राजनीति गर्म हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष को ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने की बजाय सेना के पराक्रम को सलाम करना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस जब सत्ता में थी तब आतंकवाद पर नरमी बरती और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इधर, कुलगाम में 4 आतंकी ढेर



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन अखल' के तहत चार आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह एनकाउंटर खबर लिखे जाने तक जारी रहा। इस ऑपरेशन में मारे गए आतंकियों में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रिजिजू ने पूछा पाक नेता क्यों कहते हैं हमारे लोग संसद में हैं



केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के एक बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। रिजिजू ने एक्स पर लिखा, एक पाकिस्तानी राजनेता ने क्यों कहा, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भाजपा हुई हमलावर कहा- पाकिस्तान के बचाव में उतरी कांग्रेस

मणिशंकर अय्यर के इस बयान के बाद भाजपा भी भड़क गई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अय्यर पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, शायद कांग्रेस पार्टी को यह नहीं पता कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निगरानी पैनल ने इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की एक शाखा, टीआरएफ की भूमिका पर चिंता जताई है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### फ्लाइट में एक्स्ट्रा लगेज पर बवाल

## स्पाइसजेट कर्मचारियों ने चार्ज मांगा तो भड़का सेना का अधिकारी 4 लोगों को बुरी तरह पीटा



***किसी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, तो किसी का जबड़ा टूटा, आरोपी को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की कवायद शुरू***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री के स्पाइसजेट के कर्मचारियों पर हमला करने का मामला सामने आया है। 26 जुलाई 2025 को हुई इस घटना में एयरलाइंस के चार कर्मचारियों के घायल होने की खबर है। इस संबंध में स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने कहा कि 26 जुलाई 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। हमारे कर्मचारियों को लात और घूंसे से मारा गया और कतार में खड़ा कर दिया गया, जिससे एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एयरोब्रिज में जबरदस्ती घुसा पैसेंजर

प्रवक्ता ने बताया कि एक यात्री, जो एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी था। वह दो केबिन बैगेज ले जा रहा था जिनका कुल वजन 16 किलोग्राम था, जो अनुमत सीमा 7 किलोग्राम से दोगुना से भी ज्यादा था। जब उसे विनम्रतापूर्वक एक्स्ट्रा सामान के बारे में बताया गया और लागू शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया, तो यात्री ने इनकार कर दिया और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी किए बिना ही जबरदस्ती एयरोब्रिज में घुस गया- जो विमानन सुरक्षा प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन था।

जेल में रोते हुए गुजरी पहली रात

## प्रज्वल रेवन्ना बना कैदी नंबर 15528

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी (एस) सुप्रीमो एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना ने कोर्ट के फैसले के बाद शनिवार को अपनी पहली रात जेल में बिताई। कोर्ट ने शनिवार को प्रज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बताया जा रहा है कि वो जेल में फूट-फूटकर रो रहा था। साथ ही काफी परेशान था। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि रेवन्ना को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी संख्या ▶▶ शेष पेज 5 पर



■ सजा के खिलाफ पहुंचे हाई कोर्ट

रेल मंत्री ने दी जानकारी

## अगले महीने से चलेगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन का इंतजार लंबे वक्त से हो रहा है। रेलवे का दावा है कि यह नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन देश में रेल कनेक्टिविटी को और बदल देगी। बीईएमएल द्वारा आईसीएफ तकनीक से निर्मित, यह नए ज़माने की ट्रेन ओवरनाइट जर्नी को यात्रियों के लिए ज्यादा आरामदायक बना देगी। गुजरात के भावनगर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए रेल मंत्री अश्विनी ▶▶ शेष पेज 5 पर



■ ये अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी

आरोपी को किया गिरफ्तार

## गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के तुरंत बाद पुलिस ने एक्शन लिया। इस मामले में धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शख्स ने फर्जी कॉल की थी। अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल के 112 नंबर पर केंद्रीय मंत्री के ▶▶ शेष पेज 5 पर



■ धमकी देने वाले आरोपी से पूछताछ जारी

मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के

**यूपी के गोंडा में बड़ा हादसा**

## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो नहर में गिरी, 11 लोगों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा इटियाथोक थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब दर्शन के लिए जा रही बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे, जिनमें से 11 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग दर्शन के लिए निकले थे, तभी यह घटना घटी। इनमें 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि 2 लोग पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म हो गया।



### चार बचे, बच्ची लापता

ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी है। घटना गोंडा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के रहरा गांव की है। बोलेरो में सवार सभी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। भारी बारिश के चलते गाड़ी नियंत्रण से बाहर हो गई और नहर में जा गिरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कस्टम अधीक्षक को 10.20 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा सीबीआई ने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सहार एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, मुंबई में तैनात सीमा शुल्क अधीक्षक को 10.20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम कृष्ण कुमार बताया गया है। आरोप है कि सीमा शुल्क अधीक्षक कृष्ण कुमार आयात निर्यात संबंधित कार्यों में लाभ पहुंचाने की एवज में व्यवसायियों से रिश्वत की मांग कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने सीबीआई से संपर्क कर जानकारी दी कि आरोपी



अधिकारी कस्टम क्लियरेंस के बदले मोटी रकम की मांग कर रहा है। प्राथमिक जांच और शिकायत की पुष्टि के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को रंगे हाथों 10.20 लाख की नकद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि सहार एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, मुंबई का एक प्रमुख आयात-निर्यात केंद्र है, जहाँ से देश में भारी मात्रा में माल का आवागमन होता है। इस केंद्र पर कई विभागीय अधिकारी तैनात रहते हैं और रोज़ाना करोड़ों रुपये का व्यापारिक माल प्रोसेस किया जाता है। सीबीआई ने न केवल आरोपी अधीक्षक को गिरफ्तार किया, बल्कि उसके कार्यालय और आवास पर भी छापेमारी की जिसमें कई दस्तावेज़, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और संदिग्ध नकदी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपी को विशेष अदालत में पेश किया गया, जहाँ उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कांग्रेस ने उठाई महिला सुरक्षा पर आवाज़

## अलका लांबा का आरोप: भाजपा शासित राज्यों में बेटियां असुरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ने रविवार को केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों पर तीखा हमला बोला। पार्टी की महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका लांबा ने नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज देश में बेटियां जल रही हैं, बलात्कार के मामलों में न्याय नहीं मिल रहा, और सरकारें तमाशा देख रही हैं। लांबा ने हाल ही में ओडिशा के पुरी ज़िले की 15 वर्षीय पीड़िता का मामला प्रमुखता से उठाया, जिसकी दिल्ली के एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उनका कहना था कि यह हत्या का मामला है, जिसे पुलिस "संलिप्तता नहीं पाई गई" कहकर रफा-दफा करना चाहती है।

### भाजपा शासित राज्यों पर सीधा हमला

अलका लांबा ने कहा, ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात से लेकर कर्नाटक तक महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं और सरकारें मूक दर्शक बनी हुई हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति महिलाओं के साथ हुए बलात्कारों के 7 हजार 418 मामलों का हवाला देते हुए कहा कि "यह आंकड़ा सिर्फ 2022 से 2024 तक का है।" गुजरात ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगाए गए एक पोस्टर, जिसमें रात में बेटियों को बाहर न निकलने की सलाह दी गई थी, को उन्होंने "पीड़िता को दोषी ठहराने वाली मानसिकता" बताया।

### प्रज्वल रेवन्ना का मुद्दा फिर उछाला

कांग्रेस नेता ने कर्नाटक के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न मामलों का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि "अगर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी आवाज़ न उठाती, तो आज भी पीड़िता को न्याय न मिलता। अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा दी, यह न्याय की जीत है।"अलका लांबा ने संबंधित सरकारों से तत्काल पीड़ित परिवारों को मुआवज़ा और सरकारी सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि महिला अत्याचार मामलों के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट्स की स्थापना को तत्काल मंजूरी दी जाए ताकि महिलाओं को कोर्ट में तारीख पर तारीख न मिले, जल्द न्याय की उम्मीद जगे। महिला मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस द्वारा 'न्याय मार्च' के माध्यम से देशभर में महिला न्याय और सुरक्षा के लिए अभियान चलाया जायेगा, विस्तृत कार्यक्रम की रूप रेखा जल्द तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि "महिलाओं के खिलाफ अपराध सिर्फ आंकड़ा नहीं, यह राष्ट्र की अंतरात्मा पर हमला है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।"

### सरकार पर जवाबदेही का दबाव

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में अलका लांबा ने केंद्र सरकार से मांग की कि वो महिला सुरक्षा के मामलों पर गंभीरता से कार्रवाई करे और राजनीतिक संरक्षण में पनपते अपराधियों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## खबर संक्षेप

### पिछड़े-दलितों की सच्ची हितैषी है कांग्रेस पार्टी

**फरीदाबाद।** हरियाणा कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी की अध्यक्षता में श्री श्री 1008 स्वामी मगनानंद आश्रम प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के विस्तार के लिए मीटिंग हुई।



मनोज बागडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव पिछड़े, गरीब व दलित समाज के हितों की बात रखी है, जबकि भाजपा ने इस समुदाय को केवल वोट बैंक के रुप में इस्तेमाल किया है।

### साई धाम में सर्विकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप

**फरीदाबाद।** साई धाम में शिरडी साई बाबा स्कूल व अन्य विद्यालयों के 9 से 21 वर्ष की उम्र के बीच के 226 छात्र-छात्राओं को सर्विकल कैंसर की वैक्सीन लगाई गई। यह कैंप रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद वन एवं शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी ने साहस फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित किया।



### मयूर कला केन्द्र द्वारा पावन मेले का आयोजन

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सैक्टर-86 स्थित समर पाम सोसायटी के प्रांगण में मयूर कला केन्द्र द्वारा पवित्र माह सावन माह में महिलाओं के लिए सावन मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मयूर कला केन्द्र की संस्थापक अध्यक्ष रूबी मल्ली, बबीता, संगीता और ज्योति ने अन्य महिला सदस्यों के साथ दीप प्रज्जवलित कर मेले का शुभारंभ किया।



### निवेश के बहाने ठगी के मामले में कार्रवाही

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक कॉल आया जिसने एलएसवी मैनेजमेंट सर्विसेज नामक एक ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश करने को कहा। एप पर दस्तावेज का काम पूरा किया और आईपीओ के लिए 11,00,000 रुपए का निवेश किया था।



### फायरिंग कर रंगदारी मांगने के मामले में काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी गौरव शर्मा को गिरफ्तार किया है। मंयक की शिकायत पर थाना शहर बल्लबगढ़ में गाड़ी पर गोली चलाने व 5 लाख की रंगदारी मांगने का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि टीम ने कार्रवाही करते हुए गौरव शर्मा निवासी आर्य नगर बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया है।



### ग्रीन बेल्ट को रेलिंग लगा कर बचाया जा रहा

**फरीदाबाद।** एफएमडीए के अंतर्गत आने वाले सेक्टरों में ग्रीन बेल्ट को साफ-सुथरा और पशुओं व झुग्गीवासियों से सुरक्षित रखने के लिए रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन ने रेलिंग लगाकर बचाव किया जा रहा हैं। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने कहा कि इसके लिए रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन सेक्टर 10 हरियाली वाली जगहों पर नई कंक्रीट की दीवारों व (रेलिंग) लगाई जा रही हैं।



## 20 गिरफ्तार, 42,54,453 रु.बरामद

# साइबर पुलिस ने एक सप्ताह में छह मामलों का किया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने इस सप्ताह 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार 42,54,453 रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 जुलाई से एक अगस्त तक साइबर थानों की टीम ने 6 मुकदमों को सुलझाते हुए 20 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना सेंट्रल के 2, एनआईटी का 1 व बल्लभगढ के 3 मामले शामिल है। टीमों ने 42,54,453 रुपए बरामद किए हैं तथा 141 शिकायतों का निस्तारण कर 2,13,000 रुपए रिफंड कराए, साथ ही 9,10,288 रुपए खातों में फ्रिज कराए गए हैं।



आरोपियों में गौरव शर्मा, मनोज कुमार, भानु दत्त, आशीष चंद्र, नितेश, विजय चौधरी, रजनीश सिंह, सतेंद्र, सुखदेव, सिद्धार्थ सिंह चौहान, विश्वास, पंकज, दीपांशु गर्ग, तंजीर अहमद, आमिर खान, आसिफ कुरेशी, महावीर, कैलाश, रनेश व बाबूलाल शामिल है।

# आरटीआई लगा डीईओ,पार्षद व सरपंच से मांगी जर्जर स्कूलों की लिस्ट

## *स्कूलों के सुरक्षा ऑडिट व जर्जर इमारत को लेकर मंच हाईकोर्ट में दायर करेगा याचिका*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्कूलों के सुरक्षा ऑडिट व उनकी जर्जर बिल्डिंग व कमरों को लेकर हरियाणा अभिभावक एकता मंच, ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आईपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अग्रवाल के माध्यम से पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगा।

मंच के लीगल सेल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि मंच की ओर से डीईओ ऑफिस में एक अगस्त को एक आरटीआई लगाकर जिले के दोनों शिक्षा ब्लॉक बल्लभगढ़ व फरीदाबाद के उन प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों की लिस्ट मांगी है जिनकी बिल्डिंग कमरे चारदीवारी कंडम व जर्जर हैं। इन स्कूलों के प्रिंसिपल व हेडमास्टर ने जिस पत्राचार के द्वारा बिल्डिंग व कमरों के कंडम व जर्जर होने की सूचना व जानकारी ब्लाक व जिला शिक्षा अधिकारी को दी है उस सभी पत्राचार की व उस पर शिक्षा विभाग ने क्या उचित कार्रवाई की है उसकी भी सूचना व जानकारी मांगी है।




मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा ने स्कूलों की मैनेजमेंट कमेटी, पार्षद, सरपंच, शिक्षाविद् व समाजसेवी विशिष्ट जनों से अपील की है कि छात्र हित में जनहित के इस कार्य में वे मंच की मदद करें। अपने क्षेत्र के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों की कंडम व जर्जर बिल्डिंग व कमरों की साफ फोटो व वीडियो स्कूल के नाम के साथ मुख्यमंत्री को उनके मेल पर भेजें।

## स्थानीय लोगों रखी थी मांग

# पल्ला-बसंतपुर रोड की दोबारा होगी पैमाइश मंत्री नागर ने दिए संयुक्त-आयुक्त को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

» सेहतपुर के लोगों ने मंत्री को बताया कि पल्ला से बसंत वाया सेहतपुर के लिए बनाए जा रहे रोड की पैमाइश ठीक नहीं की गई है, जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने अपने निवास पर खुले दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही निवारण करने का प्रयास किया। इस अवसर पर पहुंचे पल्ला सेहतपुर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बताया कि पल्ला से बसंत वाया सेहतपुर के लिए बनाए जा रहे रोड की पैमाइश ठीक नहीं की गई है, जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। एक बार रोड बन जाने के बाद फिर इसमें सुधार की गुंजाइश खत्म हो जाएगी।

इसलिए समय रहते इस सडक़ की पैमाइश दोबारा कर ली जाए। जिस पर मंत्री राजेश नागर ने नगर निगम के संयुक्त-आयुक्त को फोन कर सडक़ की पैमाइश दोबारा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस पैमाइश को कर स्थानीय नागरिकों को संतुष्ट करें जिससे कि उनके मन की आशंका को दूर किया जा सके और विकास कार्य भी गति से पूरा हो। इसके लिए पैमाइश का काम जल्द से जल्द पूरा करके बताएं।

अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी असंतोष जताया

समस्याओं का मौके पर ही निवारण कर दिया



### » *राशन डिपो संचालकों ने कमीशन मिलने में हो रही देरी की ओर ध्यान दिलाया*

*इसी प्रकार राशन डिपो संचालकों ने भी खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर से मुलाकात की और उनका कमीशन मिलने में हो रही देरी की ओर ध्यान दिलाया। डिपो संचालकों ने कहा कि समय पर कमीशन न मिलने से उन्हें अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार उन्होंने मंत्री के आदेश पर नियुक्त अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी असंतोष जताया, जिसे सभी डिपो के मासिक भंडारण की रिपोर्ट तैयार करने नियुक्त किया गया है। मंत्री ने डिपो संचालकों से कहा कि वह चंडीगढ़ आ जाएं जहां विभाग के सभी अधिकारियों को बुलाकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। अन्य समस्याओं का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। राजेश नागर ने कहा कि वह अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यप्रणाली से सीख लेते हैं । उन्होंने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा में जनता ने हमें भारी बहुमत से जिता कर भेजा है इसके लिए हम उनके प्रति आभारी हैं और क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हैं।*

## मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने

# 3.88 करोड़ से बने म्यूजिकल फव्वारों का किया उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के एनआईटी-86 विधानसभा क्षेत्र की डबुआ कॉलोनी स्थित वार्ड नंबर 10 के लेजर वैली पार्क में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने रंगीन म्यूजिकल फव्वारों का उद्घाटन किया। यह परियोजना फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा लगभग तीन करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से विकसित की गई है । वर्ष 2028 तक इसकी देखरेख एवं मेंटेनेंस का कार्य भी इस फव्वारे का निर्माण करने वाली कंपनी ही करेगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री कहा कि यह म्यूजिकल फव्वारा न केवल क्षेत्र के सौंदर्य में वृद्धि करेगा, बल्कि सायंकालीन समय में एक सुंदर और मनभावक वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पार्क में यह नया आकर्षण स्थानीय नागरिकों के लिए एक मनोरंजक स्थल बनकर उभरेगा और बच्चों व परिवारों के लिए सैर-सपाटे का बेहतरीन विकल्प प्रदान करेगा।

## अपार्टमेंट में तृतीय तल को जोड़ने

# फायर ब्रिगेड ने पिता-पुत्र को सुरक्षित निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा सेक्टर 17 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में तृतीय तल को जोड़ने वाला बृज ध्वस्त हो गया। जिसमें कई एक बार पिता व उसका पुत्र व एक डॉग फ्लैट में फंस गया। फायर ब्रिगेड ने लैडर की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाल लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने रविवार को बताया कि ग्रीन व्यू अपार्टमेंट सैक्टर 17 वसुन्धरा के ब्लॉक एच फ्लैट नं एच-110 तृतीय तल को जोड़ने वाला कॉरिडोर / ब्रिज के ध्वस्त हो गया।जिस कारण फ्लैट में रहने वाले संजीव शर्मा (54 वर्ष) व उनके पुत्र साहिल शर्मा (24 वर्ष )फंसे थे। साथ ही एक डॉगी भी फंस गया था।जिनके बाहर निकलने का कोई सुरक्षित रास्ता नहीं था ।

### एक कुत्ते को भी सुरक्षित निकाला

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची तथा अग्निशमन यूनिट ने लैडर की सहायता से उन दोनों एवं उनके साथ एक कुत्ते को बाहर सुरक्षित निकाला गया। रास्ते में सरिया इत्यादि लटके हुए थे। जिस कारण जोखिमपूर्ण स्थिति बन गयी थी। युनिट द्वारा कार्यदक्षता का प्रदर्शन करते हुए दिए गये निर्देशों के अनुसार पूर्ण साहस के साथ तीन को सकुशल सुरक्षित निकाल लिया।

## दिल्ली एनसीआर में वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस ने दिल्ली, एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बालपचारी को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 6 मोटर साइकिल व 3 स्कूटी (कुल 9 वाहन) बरामद की हैं । एसीपी श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि शनिवार की रात्रि में थाना साहिबाबाद पुलिस ने चौकी सीमा क्षेत्रान्तर्गत भडाना कट के पास से चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले विवक थाना साहिबाबाद व कार्तिक पोनिया निवासी गुरुद्वारा रोड जनकपुरी थाना साहिबाबाद को गिरफ्तार तथा 1 बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में लिया है ।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि ये लोग दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। तीनों आर्थिक लाभ कमाने के लिए वाहन चोरी करते हैं । मोटर साइकिल बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में घूम रहे थे कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान उन्हें पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## फिक्की खेल समिति ने किया मंथन

# मैनचेस्टर के मंच में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की : डॉ. पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

फिक्की खेल समिति के प्रदेश अध्यक्ष व आईएमटी गाजियाबाद के खेल अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ.कनिष्क पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डेलॉइट मैनचेस्टर में पहुंचा। यात्रा का मुख्य आकर्षण डेलॉइट मैनचेस्टर में आयोजित भारत-मैनचेस्टर व्यवसाय मंच रहा।

दौरे से लौटकर डॉ. कनिष्क पांडेय ने बताया कि इंग्लैण्ड में फिक्की की खेल समिति की एक सप्ताह की यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य आकर्षण डेलॉइट मैनचेस्टर में आयोजित भारत-मैनचेस्टर खेल व्यवसाय मंच था। यहां भारतीय और ब्रिटिश खेल जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि सार्थक आदान प्रदान के लिए एकत्रित हुए। प्रतिभागियों में जीएमआर स्पोर्ट्स, मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी, सेल फोर्ड यूनिवर्सिटी, स्पोर्ट्स यूके और मैनचेस्टर सिटी काउंसिल के प्रमुख शामिल थे। डॉ. कनिष्क ने इस फोरम पर भारत में खेलो के विविध आयामों पर पक्ष रखा। जिसमें खेल के अधिकार को राष्ट्रीय विकास से जुड़े एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देना, सामुदायिक परिवर्तन के माध्यम के रूप में खेलों का उपयोग, अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग की तत्काल आवश्यकता और खेल प्रौद्योगिकी शिक्षा और जमीनी स्तर के विकास में रणनीतिक भारत-यूके साझेदारी की खोज आदि महत्वपूर्ण मुद्दे थे।

इस अवसर पर प्रीति झंगियानी, सह-संस्थापक, प्रो. पंजा लीग, यावर अब्बास, उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी और खेल एवं कार्यक्रम प्रमुख, मैनचेस्टर सिटी काउंसिल, दविंदर सिंह बैंस, प्रो. एंडी मिया, सैलफोर्ड यूनिवर्सिटी तथा डॉ. स्टीव एटकिंस आदि कई महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जनसंपर्क व अभियान प्रबंधन में पार्टी के आईटी विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण

## भाजपा ने आईटी विभाग में की संगठनात्मक नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान युग में आईटी विभाग की भूमिका संगठनात्मक संचार, जनसंपर्क और अभियान प्रबंधन में विशेष रूप से अहम है।

इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल की सहमति से जिला प्रमुख (आईटी विभाग) शिवम रतन द्वारा फरीदाबाद जिले की आई टी टीम में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई। इस नवगठित टीम में मनीष द्विवेदी, यश दत्ता, रेखा मिश्रा और लक्की मैसी को जिला आई टी सह प्रमुख, अभिषेक पांडेय, संदीप अधाना, हिमांशु सेठी, प्रशांत पाराशर, जितेंद्र सिंह, सुनील चौधरी को



जिला टोली सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। रामपाल ने कहा कि इन पदाधिकारियों का चयन उनके तकनीकी पृष्ठभूमि और संगठन के प्रति दीर्घकालीन निष्ठा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह टीम भाजपा की डिजिटल उपस्थिति को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को जिला स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी।

# लिंग पहचान बताने वाले सेंटर में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने की छापेमारी

## अल्ट्रासाउंड के बदले मोटी रकम मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वास्थ्य विभाग पलवल, फरीदाबाद व मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद को सूचना मिल रही थी कि कुछ व्यक्ति लिंग जांच कराते हैं तथा गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे का अल्ट्रासाउंड कराकर लिंग की पहचान बता देते हैं। लिंग जांच के नाम पर मोटी रकम लेते हैं। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा सटीक सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग पलवल को सूचित किया गया तथा सीएमओ पलवल द्वारा गिरोह को पकडऩे के लिए टीम नियुक्त की व लिंग जांच कराने के लिए नकली ग्राहक तैयार किए गए।

मामले में कार्यवाही करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जिला पलवल से डॉ.



संजय उप सिविल सर्जन, डॉ प्रवीण एसएमओ व पीएनटीडी नोडल अधिकारी, डॉ नवीन एमओ व डॉ. अन्तिका एलएमओ व स्थानीय पुलिस व महिला पुलिस कर्मी के साथ टीम तैयार की। संयुक्त टीम द्वारा एक गर्भवती महिला व सूचना देने वाले व्यक्ति को नकली ग्राहक के तौर पर तैयार किया गया। नकली ग्राहक ने मनीष निवासी कच्ची कॉलोनी समयपुर फरीदाबाद से बात हुई। जिस पर मनीष ने लिंग जांच कराने के लिए 35 हजार रुपए की मांग की।

पावरग्रिड
POWERGRID

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ("पावरग्रिड") के सदस्यों की **36वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") मंगलवार, 26 अगस्त, 2025 को सुबह 11:00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी,** कंपनी अधिनियम के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को संचालित करने के लिए, कम्पनी अधिनियम, 2013, **("अधिनियम")** और इसके तहत बनाए गए नियम कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय **("एमसीए")** द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड **("सेबी")** द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 के साथ पठित हैं।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

1. वित्त वर्ष 2024–25 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट **("एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट")** के साथ 36वीं एजीएम **("नोटिस")** की सूचना इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेजी गई है जिनका ईमेल पता कंपनी/केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड–कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट **("आरटीए")**/डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत है। इसके अलावा, सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 36 (1) (बी) के अनुसार, एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचने के लिए वेब–लिंक प्रदान करने वाला एक पत्र, सटीक पथ सहित, उन सदस्यों को भेजा जा रहा है जिन्होंने कंपनी/आरटीए/डिपॉजिटरी/ डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है।
2. कंपनी ने एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा प्रदान करने, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने और ई–वोटिंग के लिए एजेंसी के रूप में नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड **("एनएसडीएल")** की सेवाएं ली हैं।
3. नोटिस और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.powergrid.in स्टॉक एक्सचेंजों, बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") की वेबसाइटों पर क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर और **एनएसडीएल** की वेबसाइट पर www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।
4. सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 36वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं या अपने रिमोट ई–वोटिंग क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके www.evoting.nsdl.com पर लाइव वेबकास्ट देख सकते हैं।
5. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने के निर्देश और ई–वोटिंग की प्रक्रिया, जिसमें भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य या जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं, नोटिस के हिस्से के रूप में प्रदान किए गए हैं।
6. वे सदस्य जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं या जिन्होंने अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं और एजीएम के दौरान एजीएम में भाग लेना चाहते हैं या दूरस्थ ई–वोटिंग या ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालना चाहते हैं, वे अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके www.evoting.nsdl.com ई–वोटिंग वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे इस संबंध में सूचना में दिए गए अनुदेशों को पढ़ें।
7. जिन सदस्यों के नाम सदस्यों के रजिस्टर में या कट–ऑफ तिथि यानी **मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 ("कट–ऑफ डेट")** को लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देते हैं, वे केवल एजीएम में रिमोट ई–वोटिंग सुविधा या ई–वोटिंग का लाभ उठाने के हकदार होंगे, जैसा भी मामला हो।
8. रिमोट ई–वोटिंग **गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी)** शुरू होगी और **सोमवार, 25 अगस्त, 2025 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी।** इसके बाद रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को मतदान के लिए अक्षम कर दिया जाएगा। यदि किसी प्रस्ताव पर मत सदस्य द्वारा दिया जाता है तो सदस्य को बाद में उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
9. कोई भी व्यक्ति जो शेयर प्राप्त करता है और नोटिस और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि तक शेयर धारण करता है, वह evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजकर या 022–48867000 पर कॉल करके एनएसडीएल के ई–वोटिंग पोर्टल तक पहुंचने के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
10. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं, वे एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।
11. **केवाईसी विवरण/ईमेल पते को पंजीकृत करने/अपडेट करने का तरीका:**
    क. भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित लिंक पर जाकर अपने केवाईसी विवरण और ईमेल पते पर पंजीकृत करें: https://ris.kfinntech.com/clientservices/isc/isrforms-aspx या einward.ris@kfinntech.com पर हमारे आरटीए को लिखकर।
    ख. डिमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ईमेल पते को पंजीकृत/अपडेट करें जिनके साथ उनका डीमैट खाता है।
12. सीएस अरविंद कोहली, (सदस्यता संख्या एफसीएस 4434 और सी.पी. सं. 2818), मेसर्स अरविंद कोहली एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, को रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया और वार्षिक आम बैठक के दौरान ई–वोटिंग की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जाँच करने के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
13. किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध हैं या 022–4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, नमन चैम्बर, प्लॉट सी–32, जी–ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र–400051 निर्दिष्ट ई–मेल पते पर: evoting@nsdl.com या टेलीफोन नंबर 022– 48867000 पर अनुरोध दे सकते हैं।
14. सदस्यों से अनुरोध है कि यदि उनके नाम, डाक पता, ईमेल पता, टेलीफोन/मोबाइल नंबर, स्थायी खाता संख्या (पैन), अधिदेश, नामांकन, मुख्तारनामा, बैंक विवरण जैसे बैंक का नाम और शाखा विवरण, बैंक खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड आदि में कोई परिवर्तन होता है तो वे इसकी सूचना अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) को दें, यदि शेयर उनके पास डीमैट रूप में हैं और यदि शेयर उनके पास भौतिक रूप में हैं तो आरटीए को दें।
15. सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोटिस में दिए गए सभी नोट्स को ध्यान से पढ़ें और विशेष रूप से, एजीएम में शामिल होने के निर्देश, दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से या एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका।

निदेशक मंडल के आदेश से
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
हस्ता०/–
सत्यप्रकाश दास
कंपनी सचिव एवम् अनुपालन अधिकारी

स्थान : गुरुग्राम
तारीख : 3 अगस्त, 2025

PG/CC/ Notice-37(AGM)/Ad-42/25-26/Isha Advertising

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
फोन : 011–26560112, 26560115, 26560193
केन्द्रीय कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001 (हरियाणा) फोन: 0124–2822999 एवं 2822000
CIN : L40101DL1989GOI038121 • वेबसाइट: www.powergrid.in • ई–मेल : investors@powergrid.in
एक महारत्न उद्यम

### केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया लोकार्पण

# अब सौर ऊर्जा से संचालित होगी दिल्ली विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा ने पर्यावरणीय सततता और डिजिटल सशक्तिकरण के क्षेत्र में रविवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। अब दिल्ली विधानसभा पूर्णतः सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली देश की पहली विधायिका बन गई है। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में 500किलोवाट की क्षमता वाले अत्याधुनिक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र और नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) का लोकार्पण किया इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, तथा मुख्य सचेतक अभय वर्मा सहित कई गणमान्य विधायक उपस्थित रहे। गौरतलब है कि यह सौर ऊर्जा संयंत्र दिल्ली विधानसभा के संचालन को न केवल शत-प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बनाता है, बल्कि लगभग 15 लाख रुपए प्रतिमाह की लागत बचत सुनिश्चित करता है और वार्षिक अनुमानित बचत 1.75 करोड़ रुपए तक हो सकती है। नेट मीटरिंग के माध्यम से अतिरिक्त विद्युत उत्पादन की भी आशा है। ई-विधान प्रणाली के तहत अब विधानसभा की समस्त कार्यवाही डिजिटल माध्यम से, पूर्णतः पेपरलेस रूप में संचालित होगी, जिससे न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव भी न्यूनतम होगा। लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस उपलब्धि को बजट के अंदर रहकर समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए अध्यक्ष की सराहना की।

ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने इसे दिल्ली के व्यापक सौर ऊर्जा अभियान और ग्रिड दक्षता के अनुरूप एक साहसिक कदम बताया। उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने इसे विधानसभा के इतिहास में एक गौरवपूर्ण और निर्णायक क्षण बताया और कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को सतत विकास में नेतृत्व करना ही चाहिए। इस अवसर पर सभी विधायकों ने ई-विधान प्रणाली का सफल परीक्षण किया। इस प्रणाली में स्मार्ट डेलीगेट यूनिट्स, वोटिंग पैनल, आरएफआईडी/एनएफसी एक्सेस, बहुभाषी समर्थन, रियल टाइम दस्तावेज़ एक्सेस, एचडी कैमरों से सुसज्जित एवी सिस्टम तथा सुरक्षित नेटवर्किंग की सुविधा उपलब्ध है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में हमारा एक समग्र प्रयास है। 1912 में बने इस ऐतिहासिक भवन में देश की पहली संसद का संचालन हुआ था, आज हम उसी विरासत को आधुनिकता से जोड़ रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि ई-विधान प्रणाली का कार्य महज 100 दिनों में पूरा किया गया। कल प्रातः 11 बजे इसका परीक्षण और दोपहर 2 बजे पहली बार पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित सदन की बैठक आयोजित होगी।

### संसदीय कार्य मंत्रालय दिल्ली विधानसभा को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा : मेघवाल

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि संसदीय कार्य मंत्रालय दिल्ली विधानसभा को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा, ताकि यह प्रक्रिया सुचारू रूप से लागू हो और देशभर में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत हो। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा की यह पहल देशभर की विधायिकाओं व संस्थानों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे डिजिटल एवं हरित परिवर्तन की सराहना करते हुए कहा कि 'वन नेशन, वन एप्लीकेशन' की अवधारणा को साकार करती यह पहल केवल तकनीकी नहीं, बल्कि संस्थागत मूल्यों में बदलाव का प्रतीक है।

### दिल्ली सौर ऊर्जा व ई-विधान के माध्यम से बन रही है अग्रणीः रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सौर ऊर्जा व ई-विधान के माध्यम से अग्रणी बन रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की विधानसभा को देश की राजधानी के अनुरूप ही अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, विशेषकर ऐसे समय में जब भारत 50 प्रतिशत से अधिक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह पहल नवीनता, पारदर्शिता और संस्थागत उत्तरदायित्व के 21वीं सदी के शासन मॉडल को दर्शाती है।

## विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने देगी सरकारः सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ग्रेटर कैलाश में जन सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

हमारी सरकार दिल्ली के विकास के लिए समर्पित है और विकास कार्यों में कोई अवरोध न आए इसके लिए दिल्ली सरकार फंड की कोई कमी नहीं होने देगी। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को ग्रेटर कैलाश के डीडीए फ्लैट्स, राजीव गांधी पार्क स्थित सामुदायिक केंद्र में जन सेवा केंद्र का उद्घाटन के दौरान कही। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक शिखा रॉय भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मंच नारीशक्ति को प्रणाम करता है। जब विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री- तीनों महिलाएं हों, तो यह नारीशक्ति की मजबूत भूमिका का प्रतीक है। उन्होंने शिखा राय के जनता के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि वे पिछले 30 वर्षों से निरंतर सेवा भाव से काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने जनता की एकता और मतदान की ताकत को नमन करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली ट्रिपल इंजन की सरकार चुनकर यह सिद्ध कर दिया है कि जब विकास की सोच और जनकल्याण की नीयत मजबूत हो तो परिवर्तन निश्चित होता है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 महीनों में दिल्ली की सूरत बदलनी शुरू हो गई है-सीवेज, नाली, जल निकासी, सड़कें, प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक सेवाओं के हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इन कार्यों के सकारात्मक परिणाम जगजाहिर हैं।

### दिल्ली बनेगी हेल्थ हब, 24 अस्पतालों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली को हेल्थ हब के रूप में विकसित करने की दिशा में काम करते हुए दिल्ली के 24 निर्माणाधीन अस्पतालों के निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर शुरू करा दिया गया है। जल्द ही ये अस्पताल न सिर्फ दिल्ली की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे बल्कि राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर भी अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन स्थित अत्याधुनिक एसएसबी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन करने के अवसर पर पर कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्षों से लचर पड़ी दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि यह अस्पताल न केवल दिल्लीवासियों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि राजधानी को हेल्थ हब बनाने के संकल्प की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह स्वागत-योग्य है कि एसएसबी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जुड़ रहा है, जिससे हर नागरिक को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद अस्पताल के चेयरमैन डॉ. एसएस. बंसल और पूरी मेडिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरकार और अस्पतालों के बीच मजबूत साझेदारी ही दिल्ली को हेल्थकेयर सेक्टर में अग्रणी बनाएगी। पिछली सरकारों की उपेक्षा के बाद अब हमारी सरकार दिल्ली को एक सशक्त हेल्थ हब बनाने के मिशन पर काम कर रही है।

### नई शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने में जुटी मुख्यमंत्री : सूद

नई दिल्ली। समाज और छात्रों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 को जमीनी स्तर पर लागू करने में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जुटी हैं। यह बात रविवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। वहीं शिक्षा मंत्री सूद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 की प्रशंसा की। गौरतलब है कि दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रविवार को आत्माराम सनातन धर्म (एआरएसडी) कॉलेज, धौला कुआं के 66वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सूद वर्ष 1983 से 1986 तक इसी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के छात्र रहे हैं। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, कॉलेज के प्राचार्य, पूर्व और वर्तमान शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री सूद ने छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और कॉलेज से आगे के जीवन की दिशा तय करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कॉलेज जीवन के तीन वर्ष ऐसे होते हैं जब विद्यार्थी जीवन को खुलकर जीता है। इसके बाद जीवन में कई उत्तरदायित्व आते हैं, इसलिए हमें अभी से सोचने की जरूरत है कि हम अपने कॉलेज, समाज और देश को क्या योगदान दे सकते हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठकों में झुग्गी झोपड़ी वालों ने सुनाया दुखड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ब्लॉक कमेटियों की मासिक बैठक में रविवार को झुग्गी झोपड़ी वालों ने अपना दुखड़ा सुनाया। वहीं कांग्रेस आज सोमवार से दिल्ली विधानसभा का घेराव करते हुए आंदोलन शुरू करने जा रही है। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सभी 258 ब्लाक कांग्रेस कमेटियों ने दिल्ली के झुग्गी झौपड़ी क्षेत्रों में मासिक बैठक का अयोजन किया। बैठकों में पहुंचे जेजे कलस्टर के लोगों ने अपना दुख दर्द कांग्रेस नेताओं के साथ साझा करते हुए खुलकर कहा कि हमारे साथ धोखा हुआ है। यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा झुग्गी झौपड़ी वालों को दिए भरोसे को सार्थक बनाने के लिए सोमवार से दिल्ली कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन का शुरुआत करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केन्द्र और दिल्ली की सत्ता में रहते हुए हमेशा झुग्गी झौपड़ियों को उजाड़ने से बचाया है अगर किन्ही परिस्थितियों में उन्हें विस्थापित करने की जरुरत पड़ी तो पहले उनके लिए वैकल्पिक अथवा स्थायी रिहायश का इंतजाम किया है। यादव ने बताया कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठकों में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संदेश दिया गया है कि दिल्ली की झुग्गी झौपड़ी वालों के खिलाफ भाजपा की दोहरी नीति के खिलाफ इनके अधिकारों की लड़ाई एकजुट होकर लड़नी है।

### डीटीसी के हजारों सेवानिवृत कर्मचारियों को नहीं मिली पेंशन, पीएम, सीएम से सांसद तक लगाई गुहार

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के हजारों सेवानिवृत कर्मचारियों को दो महीने से पेंशन का भुगतान नहीं होने से हजारों लोगों के सामने खाने के लाले पड़ने लगे है। पेंशन के लिए सेवानिवृत कर्मचारियों ने पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर सीएम रेखा गुप्ता व भाजपा सांसदों तक गुहार लगाई है। इस बारे में डीटीसी सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुखबीर सैनी ने बताया कि डीटीसी के पेंशनधारियों गत 2 महीने से पेंशन नहीं मिली है। पेंशन जारी करने के लिए सेवानिवृत कर्मचारियों की आवाज संघ उठाते हुए पीएम, सीएम, सांसदों, विधायकों से गुहार लगाते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द रुकी हुई पेंशन जारी की जाए। उन्होंने कहा कि अनेक वर्षों से पेंशन का भुगतान महीनों न होना एक गंभीर स्थायी समस्या बन चुकी है। इसलिए पेंशन के स्थाई समाधान के लिए सेवानिवृत कर्मचारियों की आवाज संघ लगातार उठा रहा है। बाला दत्त ने बताया कि डीटीसी के 20 हजार से अधिक पेंशनधारी जून और जुलाई की पेंशन के लिए इंतजार कर रहे हैं। जबकि अब रक्षाबंधन के अलावा मुख्य त्योहार आने वाले हैं। ऐसे में इन बुजुर्गों को अब अपने इलाज के साथ-साथ बहन बेटियों का मान कैसे हो इसकी भी चिंता हो रही है।

### इवेंट मैनेजमेंट की जगह दिल्ली की सफाई पर ध्यान दे भाजपा सरकार : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली में चलाए जा रहे मेगा सफाई अभियान को दिल्लीवालों को बेवकूफ बनाने का एक इवेंट बताया है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रविवार को ग्रेटर कैलाश पार्ट वन में सड़कों पर फैले कूड़े की वीडियो एक्स पर साझा कर सीएम रेखा गुप्ता के सफाई अभियान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता रविवार को ग्रेटर कैलाश में थी और दिल्ली में मेगा सफाई अभियान चल रहा है। इसके बावजूद जीके वन के गुरुद्वारे और मंदिर के बीचो बीच कूड़ा ही कूड़ा है। जबकि गुरुद्वारा में एक बड़ी सामाजिक महिला का चौथा था और दिल्ली के कोने-कोने से प्रतिष्ठित लोग यहां आए थे। मंदिर में शोभायात्रा की तैयारी हो रही है। इसके बावजूद पॉश इलाकों का ये हाल है। उन्होंने भाजपा सरकार से कहा कि कृपया इवेंट मैनेजमेंट की जगह दिल्ली की साफ सफाई ध्यान दें।






# वॉर 2 के गाने पर श्रीलंका में ऋतिक ने किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की फिल्म वॉर 2 का पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कुछ ही दिन पहले रिलीज हुआ है। दर्शकों की तरफ से अब तक गाने को अच्छा-खासा रिस्पॉन्स मिला है। इसी बीच अब अभिनेता अपने इसी गाने पर श्रीलंका में हुए एक इवेंट में थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ऋतिक को एक स्टेज पर देखा जा सकता है। ऋतिक-कियारा पर फिल्माए इस गाने को अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। इस गाने की शूटिंग इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी और रोम में हुई है।

लाइफ Style



# अनीत
## एयरलाइंस में भी कर चुकी हैं काम

फिल्म 'सैयारा' के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा ने इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। अहान के बारे में दर्शक जानते हैं कि वे फिल्मी परिवार से आते हैं। मगर, अनीत पड्डा एकदम नया चेहरा हैं। दर्शकों की दिलचस्पी यह जानने में भी है कि फिल्म 'सैयारा' में आने से पहले वे क्या करती थीं?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसका खुलासा उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल से हुआ है, जो अचानक से इंटरनेट पर वायरल हो रही है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। इसमे लीड हीरो अहान पांडे फिल्मी परिवार से आते हैं। वे चंकी पांडे के भतीजे यानी चिक्की पांडे के बेटे हैं। दर्शक इस फिल्म की हीरोइन अनीत पड्डा की निजी जिंदगी के बारे में जानने को भी उत्साहित है। इसी उत्सुकता के चलते वे अभिनेत्री की सोशल मीडिया प्रोफाइल फॉलो कर रहे हैं। अब इस कड़ी में अनीत की लिंक्डइन प्रोफाइल वायरल हो रही है, जिसमें कई अहम जानकारी हैं। दर्शकों ने अनीत पड्डा का लिंक्डइन अकाउंट खोज निकाला।

इंटरनेट पर वायरल हो रही अभिनेत्री की यह प्रोफाइल उनके दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान बनाई गई थी। प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पड्डा पॉलिटिकल साइंस की स्टूडेंट रही हैं। हालांकि, बीते काफी वक्त से यह प्रोफाइल अपडेट नहीं है। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने एक एयरलाइंस में इंटर्नशिप भी की।

हॉलीवुड मसाला



# नए शूट में नजर आए टॉम

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। मेकर्स ने स्पाइडर-मैन की आगामी फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज किया। इस पहली झलक में टॉम हॉलैंड एक बिल्कुल नए सूट में वापसी करते हुए प्रशंसकों से पूछते हैं, 'क्या आप तैयार हैं?' 22 सेकंड के इस फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत टॉम हॉलैंड को नए स्पाइडर-मैन सूट में दिखाती है। जैसे ही उनके सामने एक बड़ा दरवाजा खुलता है, बाहर से रोशनी अंदर आती है। टॉम उत्साहित नजर आते हैं और फिर नए सूट में फ्रेम के करीब आते हैं।



# एकॉन भारत के तीन शहरों में करेंगे लाइव कॉन्सर्ट...

**मुंबई।** शाहरुख खान और करीना कपूर पर फिल्माया गाना 'छम्मक छल्लो' याद है? वैसे ये गाना हर किसी को याद होगा, क्योंकि 'रा.वन' फिल्म के इस गाने ने उस साल खूब धूम मचाई थी। 14 साल पहले आए इस गाने के स्टेप्स अभी तक छाए हुए थे। इसके सिंगर एकॉन थे, जो अब भारत के तीन शहरों में जल्द ही लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं। 'छम्मक छल्लो' सिंगर एकॉन राजधानी दिल्ली में 9 नवंबर को धमाल मचाएंगे। इसके बाद वो अगली बार 14 नवंबर को बेंगलुरु में परफॉर्म करेंगे। फिर मुंबई में 16 नवंबर को लाइव परफॉर्मेंस होगी। एकॉन के शो के टिकट पहले से ही देश में सबसे ज्यादा मांग वाले टिकटों में से हैं। एचएसबीसी कार्ड होल्डर्स को 8 अगस्त दोपहर 1 बजे से इन टिकटों की शुरुआती सुविधा मिलेगी, जबकि अन्य लोग 10 अगस्त रात 10 बजे से टिकट खरीद सकते हैं।



# फैंस के प्यार से बेहद खुश हुईं मृणाल

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने रविवार को सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया। बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोल्मि 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, 'सन ऑफ सरदार 2' का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास। सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है।





# सौरभ-रणवीर बने कॉमेडी का हिस्सा

**मुंबई।** सौरभ शुक्ला और रणवीर शौरी कई कॉमेडी फिल्मों में रंग जमा चुके हैं, साथ ही क्राइम स्टोरीज वाली फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। अब ये दोनों एक्टर्स एक डॉर्क गैंगस्टर कॉमेडी में साथ नजर आएंगे। इनकी जल्द रिलीज होने वाली सीरीज बिंदिया के बाहुबली का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। ट्रेलर में एक दावन परिवार है, जो बिंदिया नाम की एक जगह के बाहुबली हैं। सीरीज में दावन परिवार के मुखिया यानी बड़ा दावन जब अपना पॉलिटिकल करियर शुरू करना चाहता है तो पुलिस उसे गिफ्तार कर लेती है। अब परिवार बड़े दावन को कैसे जेल से निकालेंगे? इसी पूरे प्लानिंग में कई उल्टी-सीधी घटनाएं होती हैं, जो कॉमेडी का तड़का सीरीज में लगाती हैं। अपने किरदार बड़ा दावन के बारे में बात करते हुए सौरभ कहते हैं, 'यह सीरीज एक ऐसे परिवार की कहानी कहती है, जो सत्ता की चाहत रखता है।

टीवी मसाला





# 27 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव कभी नहीं मिला लीड रोल

**नई दिल्ली।** आपको 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के मशहूर गुलाटी और रिंकू देवी और 'द कपिल शर्मा शो'के इंजीनियर साहब तो याद ही होंगे। इन सभी किरदारों को मशहूर बनाने वाले हैं कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर। सुनील ग्रोवर को इंडस्ट्री में लगभग 27 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक में अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं। इन सभी किरदारों को सुनील ग्रोवर ने अपने अभिनय से यादगार बनाया है। हालांकि, ये सुनील ग्रोवर की बदकिस्मती ही रही कि साल 1998 से फिल्मों में नजर आने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। इंडस्ट्री के तीनों खानों- शाहरुख, आमिर और सलमान के साथ फिल्में करने के बावजूद सुनील ग्रोवर को पहचान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से ही मिली। सुनील ग्रोवर एक्टिंग की दुनिया में साल 1995 से एक्टिव हैं और फिल्मों में वो 1998 से नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई बड़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। जिनमें प्यार तो होना ही था, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, मैं हूं ना, गजनी, भारत और जवान जैसी फिल्में शामिल हैं। सुनील ग्रोवर को दिवंगत एक्टर-कॉमेडियन जसपाल भट्टी की खोज बताया जाता है। इतनी बड़ी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में कभी वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे।

## तुलसी की नई बहू की सीरियल में एंट्री, क्या संभालेगी शांति निकेतन की विरासत?

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपने परिवार और शांति निकेतन की जिम्मेदारियां अब भी तुलसी बखूबी निभा रही हैं। मगर



उसे चिंता है कि आगे शांति निकेतन की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? कौन उसके लिए मददगार बनेगा? इन्हीं सवालों के बीच एक नए चेहरे की एंट्री सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'में होती है। सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो, फोटोज वायरल हैं, जिसमें तुलसी की नई बहू की झलक मिलती है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तुलसी, माता रानी से सवाल करती है? 'कौन बचाएगा मेरे घर को? क्या मैं अपने बच्चों के लिए अच्छी मां नहीं बन सकी? कौन करेगा मेरी मदद?' इन्हीं सवालों के बीच उलझी तुलसी, शांति निकेतन के आगंन में लगे तुलसी के पौधे को बारिश से बचाती हुई दिखती है। आगे वायरल वीडियो में नजर आता है कि एक दूसरी जगह तुलसी के पौधे के आगे नए चेहरे की एंट्री होती है। सुंदर, सादगी से भरा चेहरा लिए एक लड़की नजर आती है। यही होगी तुलसी के घर की नई बहू। दरअसल, यही लड़की तुलसी को एक बड़ी मुश्किल से बाहर निकालेगी।

# महावतार नरसिम्हा की लंबी छलांग सन ऑफ सरदार 2-धड़क 2 पड़ीं बेजान

**नई दिल्ली।** अगस्त के पहले वीकेंड पर कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें से कुछ ने दर्शकों को आकर्षित करने में सफलता पाई, तो कुछ उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हालिया रिलीज सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2, सैयारा, किंगडम और महावतार नरसिम्हा की बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की चर्चित फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल दर्शकों के बीच उत्सुकता तो पैदा कर पाया, लेकिन पहले दो दिनों में फिल्म की कमाई औसत ही रही। पहले दिन जहां फिल्म ने करीब 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, दूसरे दिन की कमाई बढ़कर 7.5 करोड़ तक पहुंची। कुल मिलाकर दो दिन में 14.75 करोड़ रुपए की कमाई करते हुए फिल्म ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है।

**धड़क 2 :** जाह्नवी कपूर के डेब्यू की अगली कड़ी मानी जा रही धड़क 2 को लेकर युवा दर्शकों में हल्की एक्साइटमेंट



थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये ज्यादा असर नहीं छोड़ सकी। पहले दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ और दूसरे दिन 3.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। यानी दो दिन में कुल 7.25 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फिल्म का ग्राफ धीमा है। समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म को लंबी रेस के लिए दर्शकों का समर्थन चाहिए।

**सैयारा :** बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही सैयारा ने अपनी रिलीज के 16वें दिन भी रफ्तार बनाए रखी। फिल्म ने 16वें दिन 6.35 करोड़ कमाए। फिल्म ने अब तक घरेलू स्तर पर 291.35 करोड़ रुपए और वैश्विक स्तर पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। भले ही अब कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आ रही हो, लेकिन फिल्म ने इस साल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन में खुद को स्थापित कर लिया है।

**महावतार नरसिम्हा ने रचा इतिहास :** फिल्म महावतार नरसिम्हा जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने पहले हफ्ते में टोटल 44.75 करोड़ कमाए थे। पहले दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए थे। दूसरे दिन 4.6 करोड़, तीसरे दिन 9.5 करोड़, चौथे दिन 6 करोड़, पांचवे दिन 7.7 करोड़, छठे दिन 7.7 करोड़, सातवें दिन 7.5 करोड़ और आठवें दिन 7.7 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के हिंदी कलेक्शन की बात करें तो पहले हफ्ते में फिल्म ने 29 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ और दूसरे शनिवार 11 करोड़ कमाए।

# कुली के ट्रेलर लॉन्च में पहुंचे आमिर रजनीकांत के छुए पैर

**मुंबई।** चेन्नई में रजनीकांत की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। इस इवेंट में आमिर खान की सरप्राइज एंट्री ने हर किसी को खुश कर दिया। इवेंट से आमिर खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आमिर खान





ट्रेलर लॉन्च इवेंट चेन्नई में हुआ। इस इवेंट में आमिर खान ने भी हिस्सा लिया। आमिर खान की सरप्राइज एंट्री से हर कोई खुश हो गया। सोशल मीडिया पर आमिर खान के इस इवेंट के कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं।

रजनीकांत के पैर छूते नजर आ रहे हैं। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही फैंस का इस फिल्म को लेकर इंतजार और बढ़ गया है। रजनीकांत की इस फिल्म में आमिर खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के दो गाने रिलीज किए जा चुके हैं। इस फिल्म में आमिर खान के किरदार का नाम दाहा होगा। फिल्म में रजनीकांत एक गोल्ड तस्करी करने वाले का किरदार निभाएंगे। उनका नाम देवा होगा।

## कटहलः ए जैकफ़्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड किया अपने नाम

# विधायक जी का कटहल चोरी न हुआ होता तो ये कमाल कैसे हो पाता

*नई दिल्ली। 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के दौरान एक ऐसी फिल्म का नाम लिया गया जो साल 2023 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। ये एक मनोरंजक व्यंग्यप्रधान सामाजिककॉमेडी थी। इस फिल्म का नाम है 'कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री', जिसे यशोवर्धन मिश्रा ने निर्देशित किया है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के एक काल्पनिक कस्बे मोबा की राजनीतिक और सामाजिक हलचलों को एक अनोखे अंदाज में पेश करती है। कहानी की शुरुआत एक विधायक के बाग से दो दुर्लभ कटहल की चोरी से होती है, जिसे लेकर पूरा थाना सिर पर उठा लिया जाता है। लेकिन, असली रहस्य एक माली की गुमशुदा बेटी के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म की कहानी में कई मोड़ आते हैं। कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया।*

### कहानी क्या है?

उत्तर प्रदेश के काल्पनिक कस्बे मोबा में एक विधायक (विजय राज) की हवेली से दुर्लभ अंकल हॉन्ग प्रजाति के दो कटहल चोरी हो जाते हैं और पूरा थाना उनकी खोज में लग जाता है। हालांकि असली मुद्दा कहीं और है। पुलिस पर भारी दबाव डाला जाता है कि चोरी हो गया कटहल जल्द ढूंढे, वरना विधायक थाने को आग लगा देने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर महिमा बसोर (सान्या मल्होत्रा) इस केस की जिम्मेदारी संभालती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चलता है कि वास्तविक मामला एक माली की बेटी अमिया के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस प्रशासन कटहल चोरी को प्राथमिकता दे रहा है जबकि जिंदगी की असली कहानी कुछ और है। महिमा उसी का पता लगाने निकल पड़ती है। इस बीच कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी की जिंदगी भी उलझी होती है। उनकी रिपोर्टिंग महिमा का होती है, जो उसकी गर्लफ्रेंड भी है। दोनों की प्रेम कहानी भी सीनियर-जूनियर के फेर में उलझी रहती है और शादी तक नहीं पहुंच पा रही होती।



**फिल्म में है दमदार कास्ट :** इंस्पेक्टर महिमा बसोर के रोल में सान्या मल्होत्रा नजर आ रही हैं। इसके अलावा कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी अनंत वी जोशी हैं। वो महिमा के प्रेमी के रोल में हैं, जो एक ऊंची जाति के हैं और नीचली जाति की लड़की से प्यार करते हैं। विजय राज, विधायक मुन्नालाल पटेरिया, कटहल मालिक के रोल में हैं। राजपाल यादव, पत्रकार अनुज संघवी के रोल में हैं, जो रिपोर्टिंग के जरिये महिमा को न्याय की दिशा दिखाता है। ब्रिजेंद्र कला, नेहा सराफ, रघुबीर यादव और अंबरीश सक्सेना जैसे सितारे भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

### फिल्म का भाव

ये फिल्म एक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति थी। कटहल जैसे मामूली चोरी को एक बड़े अपराध की तरह दिखाकर फिल्म समाज और प्रशासन की विसंगतियों पर कटाक्ष करती है। जातीय और सामाजिक तनाव को फिल्म में दिखाया गया है, जहां महिमा को निचली जाति की होने की वजह से लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ता है, बखूबी दिखाया गया है कि कैसे सिस्टम की प्राथमिकताएं गलत दिशा में होती हैं। पावर गेम और भ्रष्ट प्रशासन की झलकियां भी इस फिल्म में दिखाई गई हैं। विधायक का दबदबा, पुलिस का लालच और जनता की अपेक्षाएं सभी को मिलाकर फिल्म ने ताकतवर संरचनाओं की आलोचना की है। बता दें, 'कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री' 19 मई 2023 को वैश्विक प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसे अभी भी आप स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## दो वोटर आईडी मामले में तेजस्वी को नोटिस



**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की दो वोटर आईडी रखने के मामले में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। मामले में दीघा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने तेजस्वी को पत्र लिख कर उनके द्वारा दिखाए गए ईपिक का ब्यौरा देने को कहा गया है। तेजस्वी ने अपने ईपिक नंबर के प्रारूप मतदाता सूची में शामिल न होने की बात की थी।

## ड्रोन उड़ाने पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई



**लखनऊ।** यूपी में ड्रोन के जरिए दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम योगी के कार्यालय ने दो टूक चेतावनी दी है। कहा कि ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा क़ानून भी लगाया जाएगा। जारी बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के ड्रोन चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## लोधेश्वर महादेव मेला परिसर में उतरा करंट



**बाराबंकी।** रामनगर कोतवाली क्षेत्र स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक बिजली के खंभे में करंट उतरने से दो स्थानीय दुकानदारों की मौत हो गई और कई लोग झुलस गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

**गोंडा में कैसे नहर में समा गई बोलेरो, 15 थे सवार, 11 की मौत**

# जिंदा बची लड़की ने लोगों को सुनाई आपबीती-पता ही नहीं चला कैसे अचानक हो गया इतना बड़ा हादसा

गोंडा में हुए इस हादसे में किसी को भी बचने का मौका नहीं मिला, बोलेरो अनियंत्रित होकर स्पीड से नहर में जा गिरी. बताया जा रहा है कि डूबने से ही सभी लोगों की मौत हुई है।

एजेंसी ▶▶ गोंडा

उत्तर प्रदेश के गोंडा में एक बड़ा और दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। इटियाथोक थाना क्षेत्र में अचानक एक बुलेरो गाड़ी हादसे का शिकार हो गई और पलटकर नहर में गिर गई। इस गाड़ी में कुल 15 लोग सवार थे, जिनमें से 11 लोगों की मौत हो चुकी है। जिंदा बचे लोगों ने बताया कि ये हादसा कैसे हुआ और उस वक्त कैसा खौफनाक मंजर था।





### सभी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे

हादसे का शिकार हुई बोलेरो में सवाल एक लड़की ने बताया कि वो सभी लोग मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी ये हादसा हो गया। रोते बिलखते हुए लड़की ने कहा कि उसे पता भी नहीं चला कि कैसे अचानक ये हादसा हो गया। उसने बताया कि वो गाड़ी में बैठे थे और अचानक वो पलट गई, ये हादसा इतनी जल्दी हुआ कि किसी को कुछ पता नहीं चला।

### सीएम ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

इस दर्दनाक हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनपद गोण्डा में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई। जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। इस दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों को 05-05 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।'

### पुलिस में 30 हजार कार्मिकों की और होगी भर्ती

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1494 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश पुलिस को हर प्रकार से समृद्ध करने का अभियान जारी है। उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष वरीयता में है और इसी को अधिक मजबूत करने के क्रम में 60,244 सिपाहियों की भर्ती के बाद यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 1494 युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति-पत्र वितरित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जल्द ही 30 हजार और कार्मिकों की भर्ती की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड जल्दी भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस में भर्ती होने वाले कार्मिकों में 20 प्रतिशत अग्नि वीरों को भी शामिल किया जाएगा। इससे हमें प्रशिक्षित कार्मिक मिल सकेंगे।

*यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए 1374 सहायक परिचालकों और 120 कार्यशाला कर्मचारियों का चयन किया गया है। 60244 आरक्षियों की भर्ती के बाद यूपी पुलिस के दूरसंचार विभाग को 1494 प्रशिक्षित स्टाफ मिला है।*

**खास बातें**

- यूपी पुलिस का संचार माध्यम हुआ और समृद्ध
- पुलिस ट्रेनिंग की क्षमता बढ़ाई गई

### पहले भर्तियों में भेदभाव और भ्रष्टाचार था



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई भतीजावाद चलता था। हर पद की बोली लगती थी। पूरा प्रदेश दंगों की चपेट में था। अयोध्या और काशी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी आतंकी हमले होते थे। उस दौर में गुंडाराज, आतंकी हमले, और युवाओं का पलायन आम बात थी, लेकिन आज की यूपी एक निवेश का केंद्र बन चुका है। आज पूरे देश में कानून व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।

### अभी तक 8.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी

कानून व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। 2017 से लेकर अभी तक प्रदेश 8.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। सबसे ज्यादा 2,17,500 नौकरियां उत्तर प्रदेश पुलिस में युवाओं को दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को संवेदनशील होना पड़ेगा साथ ही अपराधियों के प्रति सख्त भी। सीएम ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था, रोजगार और विकास के हर मोर्चे पर युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है।

### योगी सरकार बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार से जोड़ रही

कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बयाया कि योगी आदित्यनाथ सरकार इस वर्ष अब तक दो लाख 16 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। योगी सरकार बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। अब तक प्रदेश में 8.50 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां, 3.75 लाख संविदा नियुक्तियां और मिशन रोजगार के तहत 2 करोड़ से अधिक निजी क्षेत्र व एमएसएमऊ में रोजगार के अवसर सृजित किए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गांव और हर शहर में रोजगार उपलब्ध हो और प्रदेश का हर युवा सशक्त और स्वावलंबी बने।

**चिराग पासवान बोले-**

# महत्वाकांक्षी होना गलत नहीं, पर एनडीए में ही रहूंगा



एजेंसी ▶▶ पटना

लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी होना कहीं से गलत नहीं है। लेकिन मेरी महत्वाकांक्षा, मेरे गठबंधन से ऊपर नहीं है। हम लोग साथ मिलकर बिहार के विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए समर्पित हैं और एनडीए का हिस्सा बने रहेंगे।

### 'मैं एनडीए में था, एनडीए में हूं और रहूंगा'

एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि मेरा समर्पण मेरे प्रधानमंत्री के लिए आंख मूंदकर है। जब तक मेरे प्रधानमंत्री हैं, चिराग पासवान आंख मूंद कर उनके साथ है। मैं एनडीए में था, एनडीए में हूं और रहूंगा। जीवन में अति महत्वाकांक्षी होना कहीं से गलत नहीं है। महत्वाकांक्षा व्यक्ति की सफलता का आधार होता है। जब कोई आपके साथ नहीं होता, तब आपका आत्मविश्वास ही आपका साथ देता है।

### हर आदमी को होना चाहिए महात्वाकांक्षी

चिराग पासवान से जब पूछा गया कि आप केंद्र की राजनीति से बिहार की राजनीति को तरजीह दे रहे हैं। अब क्या महत्वाकांक्षा है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि माता-पिता के अलावे कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो किसी को आगे बढ़ते देखना चाहता है। इसलिए हर आदमी को महत्वाकांक्षी होना चाहिए। कहा कि जब पार्टी तोड़ दी गई और घर से निकाल दिया गया।। लोग तब खत्म कर देने के लिए कंकड़ मार रहे थे। जब अपने प्रयास से तैर कर पार कर गए तो चार लोग पूछते हैं।

**पेज एक का शेष...**

### मणिशंकर बोले- पहलगाम ..

को इसके लिए दोषी माना। हम ही दुनिया भर में कहते घूम रहे हैं कि इसके पीछे पाकिस्तान था लेकिन हमारी बात पर किसी को भी यकीन नहीं है। कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा, हम अभी तक ऐसा कोई भी सबूत पेश नहीं कर पाए हैं, जिससे यह साबित हो जाए कि यह हमला पाकिस्तानी एजेंसी की दिमाग की उपज था या उन्होंने ही इसे अंजाम दिया।

**9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त, 100 को ढेर किया:** पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने के लिए 7 डेलिगेशन को 33 देशों में भेजा था। डेलीगेशन में 59 सदस्य थे, जिनमें 51 नेता और 8 राजदूत शामिल थे।

### थरूर पर सवाल...

लेकिन इजराइल को छोड़कर किसी ने पाकिस्तान को दोषी नहीं कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत सरकार अमेरिका जैसे देशों की गलतबयानी पर भी चुप रहती है। अय्यर ने कहा, ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया, लेकिन हमारी सरकार सच कहने की हिम्मत नहीं रखती है।

### कांग्रेस ने भगवा ....

वोटबैंक के लिए 'भगवा आतंक' जैसी झूठी कहानियां गढ़ी। राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे तक चर्चा चली और कांग्रेस जवाब देने की स्थिति में नहीं रही।

### इधर, कुलगाम में ...

से एक की पहचान पुलवामा निवासी लोकल आतंकी हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात खुद मौके पर पहुंचे हैं और ऑपरेशन की निगरानी की।घने जंगलों में आतंकियों के होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने 'ऑपरेशन अखल' की शुरुआत की। यह ऑपरेशन शुक्रवार, 1 अगस्त को शुरू हुआ। सुरक्षा बलों ने तुरंत घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया और उसी शाम से गोलीबारी शुरू की गई। शुरुआती गोलीबारी के बाद, रात भर अभियान रोक दिया गया। अतिरिक्त बल बुलाए गए और आतंकवादियों को घने जंगल से भागने से रोकने के लिए घेराबंदी और कड़ी कर दी गई। शनिवार सुबह तड़के मुठभेड़ फिर से शुरू हुई, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। रविवार रात तक गोलीबारी जारी रही और चार आतंकी ढेर कर दिए।

### रिजिजू ने पूछा ....

हमारे लोग भारत की संसद में बैठे हैं? एक वीडियो शेयर करते हुए तंज कसा, संसद के अंदर भी है और संसद के बाहर भी है।

### भाजपा हुई हमलावर ...

शायद कांग्रेस को यह नहीं पता कि आतंकवाद का जन्म पाकिस्तान में हुआ था, चाहे वह लश्कर हो या जैश, जिनके शिविर हमारी बहादुर सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में नष्ट कर दिए थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पाकिस्तान का बचाव कर रही है और हमारे सशस्त्र बलों का अपमान कर रही है।भाजपा के एक और प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता पाकिस्तान के सबसे बड़े समर्थक बने हुए हैं और भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक दुष्प्रचार में ही अपना असली मकसद तलाशते हैं। यह वाकई शर्मनाक है।

### स्पाइसजेट कर्मचारियों ने ...

में फ्रैक्चर और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। एयरलाइंस ने कहा कि स्पाइसजेट का एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री ने बेहोश कर्मचारी को लात-घूंसे मारना और पीटना जारी रखा। इस बीच एक अन्य कर्मचारी अपने बेहोश हुए सहकर्मी की मदद करने के लिए नीचे झुका तभी उसके जबड़े पर जोरदार लात मारी गई, जिससे उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल ले जाया गया और गंभीर चोटों के कारण उनका इलाज किया गया। स्पाइसजेट प्रवक्ता ने कहा कि इस हमले की थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है और एयरलाइन ने यात्री को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो नागरिक उड्डयन नियमों के तहत की जा रही कार्रवाई है। एयरलाइन ने इस गंभीर हमले की जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय को लिखित रूप में दी है और यात्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही एयरपोर्ट अधिकारियों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है, ताकि जांच में मदद मिल सके।

### प्रज्वल रेवन्ना बना...

15528 आवंटित की गई। बता दें, प्रज्वल रेवन्ना पर पिछले साल यौन शोषण को लेकर चार मामले दर्ज किए गए थे। जिनमें से एक मामले में उन पर आरोप था कि उनके घर में काम करने वाली 48 साल की महिला के साथ उन्होंने बलात्कार किया। इसी मामले में शनिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। शनिवार देर रात जेल के डॉक्टरों प्रज्वल रेवन्ना के स्वास्थ्य की जांच की। जिससे यह जाना जा सके कि उसकी हालत कैसी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेडिकल जांच के दौरान प्रज्वल रो पड़ा। उसने कर्मचारियों के सामने अपना दुख बयां किया। बताया जा रहा है कि उसे जेल के कर्मचारियों को बताया कि वो कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाएगा।

### अगले महीने से...

वैष्णव ने घोषणा की कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि वंदे स्लीपर बहुत सितंबर में आ जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नमो भारत, अमृत भारत, वंदे भारत और आगामी वंदे स्लीपर जैसी ट्रेनें देश के रेल ढांचे को बदलने में अहम भूमिका निभाएंगी। इससे पहले दिन में अश्विनी वैष्णव ने तीन नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। इसमें भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस, रीवा- पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर को रायपुर से जोड़ने वाली एक नई ट्रेन शामिल है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन रूट की बात करें तो यह अभी तक तय नहीं है। अंतिम निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 डिब्बे होंगे, जिन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

इस हाईटेक ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी, एसी द्वितीय श्रेणी और एसी तृतीय श्रेणी। इस ट्रेन की कुल क्षमता 1,128 यात्रियों की है। ट्रेन की रफ्तार की बात करें तो वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम होगी।

### गडकरी के आवास...

आवास को उड़ाने की धमकी दी। इस कॉल के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। तुरंत मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने दोपहर के वक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान तुलसी बाग रोड निवासी उमेश विष्णु राउत के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी को नागपुर के बीमा दवाखाना के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### चार बचे, बच्ची....

शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

# नक्सलियों ने विस्फोट कर उड़ा दी ट्रेन की पटरी, गनमैन की मौत



**चक्रधरपुर।** झारखंड नक्सलियों ने बड़ी साजिश रची थी। चक्रधरपुर में नक्सलियों ने विस्फोट करके रात में ट्रैक उड़ा दिया। इससे मालगाड़ियों का परिचालन ठप हो गया है। नक्सलियों करमपदा-रेजडा रेलवे साइडिंग के बीच शनिवार रात को विस्फोट किया था, जिससे पटरी को नुकसान पहुंचा है। इस हादसे में एक गनमैन की मौत हो गई है। गौरतलब है कि नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद दिवस सप्ताह मना रहे हैं। साथ ही नक्सलियों न 3 अगस्त को झारखंड सहित पांच राज्य बंद बुलाया गया है। बंद को लेकर पहले से ही जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया गया है। ट्रेनों में अतिरिक्त फोर्स मुहैया कराई गई है। क्रधरपुर रेलमंडल के रॉक्सी और रेंजरा के बीच सोमवार को रेल ट्रैक पर विस्फोट से एक गैंगमैन की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है।हादसा नक्सलियों के ट्रैक पल लगाये गये बैनर को हटाने के दौरान सुबह 12 बजे की है। नक्सलियों ने रविवार को झारखंड समेत पांच राज्यों में बंद बुलाया है।

# सीएम योगी की कल होगी अलीगढ़ की नुमाइश मैदान में बड़ी जनसभा

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ 5 अगस्त को अलीगढ़ आ रहे हैं, उनके प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। डीएम संजीव रंजन व एसएसपी संजीव सुमन ने नगर आयुक्त, सीडीओ के साथ-साथ प्रशासनिक-पुलिस व विकास से जुड़े अधिकारियों की बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

डीएम संजीव रंजन ने बताया कि सीएम जनप्रतिनिधियों एवं मंडलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। नुमाइश मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र व लाभ सामग्री वितरित करेंगे। सीएम आगमन के लिए हैलीपैड का निर्माण आईटीआई मैदान में किया जा रहा है। डीएम व एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों के साथ नुमाइश मैदान एवं आईटीआई ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।



### सीएम योगी 6 अगस्त को बरेली को देंगे 20 अरब की सौगात

*बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छह अगस्त को बरेली आ रहे हैं। शहर के बरेली कॉलेज में जनसभा से पहले वह 20 अरब के विकास कार्यों की सौगात जनपद के लोगों को देंगे। विभिन्न योजनाओं से एक हजार से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को पूरे दिन कमिश्नर से लेकर अन्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में जुटे रहे।*

# रांची में अग्निवीर भर्ती रैली 22 से 4 सितंबर

### झारखंड के युवाओं के लिए सुनहरा मौका

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर एक बार फिर आया है। सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन 22 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक खेलगांव स्टेडियम में किया जाएगा। यह रैली झारखंड के मूल निवासी युवाओं के लिए है, जो 8वीं, 10वीं या 12वीं पास हैं। भर्ती अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), तकनीकी, क्लर्क, ट्रेड्समैन (8वीं/10वीं पास) पदों के लिए होगी।

जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास किया है, उनके एडमिट कार्ड पंजीकृत ईमेल पर भेजे गए हैं। इन्हें वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। बिना रंगीन एडमिट कार्ड किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा।

रैली में मेडिकल सुविधा, ट्रैफिक व्यवस्था, विश्राम क्षेत्र सहित सुबह 4 बजे से सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। एडमिट कार्ड डाउनलोड में परेशानी होने पर अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, मेन रोड (ओवर ब्रिज), रांची में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इस मामले की जानकारी देते हुए डीसी मंजुनाथ भजन्त्री ने युवाओं से पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ रैली में शामिल होने की अपील की है।



### महत्वपूर्ण निर्देश

अभ्यर्थियों को एंड्रॉयड फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूल दस्तावेज लाना जरूरी है। कोई भी दलाल या फर्जी व्यक्ति से सावधान रहें, भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी।

## चिंतन

# सियासी लाभ के लिए चुनाव आयोग को बदनाम न करें

स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं किसी भी मजबूत लोकतंत्र की नींव होती हैं। लोकतंत्र तभी जिंदा रह सकता है जब ये संस्थाएं निष्पक्ष और पूर्ण आजादी से फैसले लें। यही कारण था कि हमारे संविधान में देश की संस्थाओं को आजाद रखने के लिए अनेक प्रावधान किए गए बल्कि अधिकार भी दिए गए। ऐसी ही एक संस्था है चुनाव आयोग। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। इसे चुनाव आयोग ने बाखूबी निभाया भी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, 16 राष्ट्रपति चुनाव, 16 उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 राष्ट्रीय चुनाव को सफलतापूर्वक करवाना सामान्य बात नहीं है, लेकिन बीते कुछ दिनों से आयोग को ही कठघरे में खड़ा करने के प्रयास हो रहे हैं, उसकी निष्पक्षता पर उंगली उठाई जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। वे लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं। यहां तक कि वे आयोग के अधिकारियों को चेतावनी देने से भी नहीं चूक रहे। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने को उसके समक्ष उपस्थित नहीं हुए। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे संवैधानिक संस्था को बदनाम करने पर ही आमादा हैं। राहुल गांधी के साथ-साथ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तपस्वी यादव भी चुनाव आयोग को निशाने पर ले रहे हैं। वे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के सत्यापन से नाराज हैं। जबकि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा आयोग की इस कार्रवाई के खिलाफ तरह-तरह से भ्रामक और गलत प्रचार किया जा रहा है। यह ठीक है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी फर्जी पोस्ट एवं वीडियो को खोज-खोज कर उन्हें गलत बता रहा है और इसी के साथ सच्चाई भी बयान कर रहा है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग को ऐसे भ्रामक वीडियो एवं पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। यदि इस तरह की फर्जी न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शरारती तत्वों का दुस्साहस ही बढ़ेगा। अब तपस्वी यादव को ही लें, उन्होंने पत्रकारवार्ता करके ऐलान कर दिया कि मतदाता सूची से उनका और उनकी पत्नी का नाम काट दिया गया है। हद तो तब हो गई जब तेजस्वी ने अपने वोटर कार्ड का नंबर भी बता दिया। इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग ने न केवल इसका खंडन किया बल्कि अब उन्हें नोटिस भेजा है। इसमें पूछा गया है कि उनके पास वोटर कार्ड के दो ईपिक नंबर कैसे आए। बिहार की दीघा विधानसभा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि आपके द्वारा ईपिक संख्या आएएबी 2916120 दिखाया गया, जो आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। इससे बिलकुल साफ है कि उनका इरादा केवल चुनाव आयोग को बदनाम करने का है, जो कतई लोकतंत्र के हित में नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को चाहे वो सत्ता में हो या विपक्ष में, हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी संवैधानिक संस्थाओं पर कोई आंच न आए। अगर ये स्वतंत्र नहीं रह पाईं तो लोकतंत्र भी नहीं रह पाएगा।



सियासत
राजकुमार सिंह

# विपक्षी एकता पर भारी कांग्रेस-आप टकराव

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। वर्ष 2023 के मध्य में बने दो दर्जन विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जदयू और जयंत चौधरी के रालोद की विदाई पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले ही हो गयी थी। जाहिर है, उस अलगाव के दलगत टकराव के अलावा भी कुछ कारण रहे होंगे, लेकिन हाल में आप के 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के पीछे तो उसका कांग्रेस से टकराव ही एकमात्र कारण है। बेशक पहले दिल्ली और फिर पंजाब की सत्ता छीनने वाली आप से कांग्रेस का दलीय हितों का टकराव अस्वाभाविक नहीं, पर यह तो 'इंडिया' गठबंधन में उनके साथ आने से पहले भी सबको पता था।

दिल्ली पर लगातार 15 साल राज करने वाली कांग्रेस अगर वहां विधानसभा में शून्य हो गयी तो उसमें सबसे अहम भूमिका आप की ही रही। गुजरात और गोवा में भी आप की चुनावी मौजूदगी ने कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बावजूद 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले ये दोनों दल साथ आये तो इसलिए कि भाजपानीत राजग को विपक्षी एकता बिना चुनौती दे पाना संभव नहीं। तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन किसी हद तक वह लक्ष्य हासिल भी कर पाया, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर 303 सीटें जीतने वाली भाजपा 2024 में 240 सीटों पर रुक गयी और सरकार के लिए राजग के अपने सहयोगियों पर उसकी निर्भरता बढ़ गयी। निश्चय ही गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को हुआ, जो क्रमशः 52 से 99 और पांच से 37 सीटों पर पहुंच गयीं। ध्यान रहे कि कांग्रेस और आप, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और चंडीगढ़ में तो लोकसभा चुनाव मिलकर लड़े, लेकिन पंजाब में एक-दूसरे के विरुद्ध। पंजाब में आप प्रचंड बहुमत से सत्तारूढ़ दल है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल। ऐसे में मिलकर चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में तो भ्रम की स्थिति बनती ही, दोनों दलों की साख पर भी सवालिया निशान लग जाता। वैसे दिल्ली में दोनों मिलकर भी भाजपा को फिर सभी सात सीटें जीतने से नहीं रोक पाये। हां, हरियाणा में कांग्रेस 10 में से पांच सीटें जीतने में सफल हो गयी। चंडीगढ़ से भी कांग्रेस के मनीष तिवारी जीते।

कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का आप को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, लेकिन दोनों के बीच तल्खियां बढ़ीं चंद महीने बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव से। कांग्रेस-आप में सीटों के बंटवारे पर बातचीत तो हुई, पर सिरे नहीं चढ़ पायी। नतीजतन आप ने 90 में 88 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। आप को तो दो प्रतिशत मत भी नहीं मिल पाये, लेकिन सत्ता की दौड़ में भाजपा से कांग्रेस एक प्रतिशत से भी कम मतों से पिछड़ गयी। आश्चर्य नहीं कि उस नतीजे से कांग्रेस और आप के बीच बढ़ीं तल्खियां दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के विरुद्ध मोर्चेबंदी तक पहुंच गयीं। पिछले विधानसभा चुनाव में भी खाता खोलने में नाकाम रही। कांग्रेस ने इस बार जो चुनावी मोर्चाबंदी की, वह भाजपा के बजाय आप के विरुद्ध ज्यादा नजर आयी। दोनों के



बीच कटुता इतनी बढ़ी कि आप ने कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर निकालने की मांग तक कर डाली। आप से हिसाब चुकता करने का कांग्रेस का दांव कारगर रहा और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हो गयी। मत प्रतिशत और सीटों का गणित संकेत देता है कि अगर कांग्रेस-आप मिलकर लड़े होते तो शायद भाजपा की सत्ता में वापसी इतनी आसान नहीं होती। अरविंद केजरीवाल की आप ने जिस दिल्ली से सत्ता का सफर शुरू करते हुए सबसे कम समय में राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल किया, वहीं वह सत्ता से पैदल हो गयी। ऐसे में आप के पास भावी चुनावी राजनीति में गंवाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है, जबकि वह गुजरात, गोवा समेत कई राज्यों में कांग्रेस का चुनावी गणित बिगाड़ सकती है।

हालांकि आप सांसद संजय सिंह द्वारा 'इंडिया' गठबंधन की कार्यशैली पर उठाये गये सवाल अपनी जगह जायज हैं, लेकिन अलगाव की असली वजह कांग्रेस से कटुता निर्णायक मोड़ पर पहुंच जाना ही है। आप सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी संसदीय मुद्दों पर टीएमसी और डीएमके जैसे विपक्षी दलों के साथ समन्वय बनाए रखेगी और उनका समर्थन करेगी, जैसा कि ये दल आप का समर्थन करते हैं। निश्चय ही आप की उपस्थिति उन राज्यों में भाजपा की मददगार साबित होगी, जहां उसका कांग्रेस से सीधा मुकाबला रहा है। दरअसल भाजपा या उसकी अगुवाई वाले गठबंधन राजग के विरुद्ध जितने ज्यादा दल चुनाव मैदान में होंगे, विरोधी मत उतने ही ज्यादा बंट जायेंगे। भाजपा विरोधी मतों के इस बिखराव से बचने के लिए ही विपक्षी गठबंधन की कवायद हुई थी, लेकिन दो साल में ही गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही है।

बेशक गठबंधन की सफलता सभी घटकों के सहयोग, समन्वय और समझदारी पर निर्भर करती है, लेकिन सबसे बड़े दल के नाते इसमें कांग्रेस की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। याद करिए कि जुलाई, 2023 में बनने के बाद से 'इंडिया' गठबंधन की कितनी बैठकें हुई हैं? संयोजक तो दूर, आज तक सचिवालय या संगठनात्मक ढांचा नहीं बन पाया। दो साल में न तो साझा न्यूनतम कार्यक्रम बना और न ही कभी संयुक्त चुनाव प्रचार नजर आया। हां, संसद में अवश्य कभी-कभी तालमेल दिखा, पर कुछ मुद्दों पर मतभेद भी छिपे नहीं रहे हैं। ऐसे में यह सवाल तो उठेगा ही कि आखिर 'इंडिया' गठबंधन जमीन पर क्यों नहीं उतर पाया? विपक्षी गठबंधन जब जमीन पर ही नजर नहीं आयेगा तो जनता उसके विकल्प बन सकने की क्षमता पर विश्वास कैसे करेगी? विडंबना यह भी है कि कांग्रेस अकसर अपने दलीय हितों के हिसाब से विचार और निर्णय करती नजर आयी है। आप समेत उत्तर भारत के ज्यादातर छोटे दलों ने कांग्रेस के ही परंपरागत जनाधार में सेंधमारी से अपना जनाधार बनाया है। मुद्दे भी कमोवेश समान हैं।

कांग्रेस की दुविधा यह है कि अपने पुनरुत्थान के लिए इन दलों से जनाधार वापस छीनना जरूरी है, जबकि उनसे हाथ मिलाये बिना भाजपा का चुनावी मुकाबला मुश्किल है। इस जटिल राजनीतिक समीकरण में संतुलन पर ही कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का चुनावी भविष्य निर्भर करता है। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। जाहिर है, लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

व्यापार समझौता
विकेश कुमार बडोला



# ट्रंप की आक्रामक नीतियों में उलझे द्विपक्षीय संबंध

अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक नीतियों ने दुनिया में उलझन बढ़ा दी है। पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर भारत के प्रहार के बाद तो ट्रंप भारत के प्रति भी नाटकीय ढंग से अविश्वसनीय, हास्यास्पद तथा अनर्गल वक्तव्य देने लगे हैं। गत सवा दो माह में उन्होंने भारतीय गरिमा को अपने अनेक अप्रत्याशित वक्तव्यों से खंडित किया है। राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी फर्स्ट की अपनी चुनावी नीति को धरातल पर क्रियान्वित करने में उन्हें जो भी कठिनाइयां हो रही हैं, उसकी प्रतिक्रिया वे भारत समेत विश्व के भिन्न-भिन्न देशों को आयात-निर्यात शुल्क बढ़ाने की धमकियां देकर, शुल्क वृद्धि करके कर रहे हैं। पाकिस्तान स्थित अपनी सामरिक अवसंरचनाओं को भारत के प्रहार से हुई अधिक हानि के बाद वे भारतीय प्रधानमंत्री से रुष्ट हैं। जहां नरेंद्र मोदी भारतीय लोकतंत्र की आधिकारिक औपचारिकताओं से बंधकर चुपचाप भारतीय हितों का संरक्षण कर रहे हैं, वहीं ट्रंप भारत के संदर्भ में व्यापारिक समझौतों को भारतीय व्यापार मंत्रियों व प्रतिनिधियों के व्यापार-मंथन के आधार पर नहीं, अपितु नरेंद्र मोदी के साथ आमने-सामने बैठकर चुटकियों में एक संकेत पर अंतिम रूप दे देना चाहते हैं। चूंकि अमेरिकी प्रधान स्वयं में एक व्यापारी हैं, उनके पास अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वर्षों पुराना अनुभव है तथा उस आधार पर उन्हें अमेरिका की ओर से अन्य देशों के साथ होने वाले व्यापारिक समझौतों के अमेरिकी हित में निकलने वाले निष्कर्ष भलीभांति ज्ञात हैं, इसीलिए वे नरेंद्र मोदी से भी अपेक्षा कर रहे हैं कि वे उनके अनुसार समझौते का किंतु-परंतु के बिना यथाशीघ्र निस्तारण कर दें। वे भूल रहे हैं कि इस समय भारत का केंद्रीय शासन एक सुशासन प्रणाली के नियम से बंधा हुआ है। ऐसे शासन के किसी भी कार्य, समझौते अथवा निर्णय में भ्रष्टाचार, अनाधिकृत प्रभाव एवं अधीरता का आचरण नहीं है। ट्रंप अपनी बढ़ती आयु तथा इस भय से कि संभवतः अब तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकेंगे, अमेरिकी फर्स्ट की नीति अंगीकार कर जैसे-तैसे अमेरिका के प्रभाव को बड़ा व विशाल कर देना चाहते हैं। इस आवेश में वे अपने प्रथम कार्यकाल की उन नीतियों को भी भूल चुके हैं, जिनमें उन्होंने इस्लामिक आतंक को कुचलने के लिए व्यापक कार्य किये थे तथा इसी प्रभाव में मोदी की उनसे मैत्री स्थापित हुई थी। वे जैसे-तैसे इस समय की अपनी राजनीतिक इच्छाओं की पूर्ति कर लेना चाहते हैं। उनके साथ का अथवा उनके कार्यालय का कोई भी अन्य पदाधिकारी, यहां तक कि उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भी, अमेरिका की ओर से वक्तव्य देने के लिए स्वतंत्र नहीं है। ट्रंप को अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति के रूप में अपना प्रभाव इतना अधिक व्यापक कर देना है कि वे उस आधार पर रूस-यूक्रेन समेत दुनिया के अन्य देशों के मध्य हुए या होते आ रहे युद्धों को समाप्त करने का महत्ती श्रेय लेना चाहते हैं। इस महत्वाकांक्षा के पूर्ण होने पर उन्हें नोबल पुरस्कार प्राप्त करने की अभिलाषा भी है। इतना सब उनके पक्ष में उनके अनुसार होने के लिए उनके पास राष्ट्रपति के रूप में मात्र दो-ढाई वर्ष का ही समय शेष है। अतः वे भारत के संदर्भ में, मोदी के संबंध में भी अपने चिरपरिचित मैत्रीपूर्ण व्यवहार से विमुख हो चुके हैं। उन्हें किसी भांति, चाहे भारत तथा मोदी को ही रुष्ट क्यों न करना पड़े, अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरी करनी हैं। वे अपनी राजनीतिक एवं व्यापारिक चतुरता दिखाते हुए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि भारत को, विशेषकर उनकी शर्तों पर व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देर करने वाले मोदी को, नीचा दिखाया जाए। इसके लिए उन्होंने भारत-पाक युद्ध को रुकवाने के लिए खुद को पचास से अधिक बार श्रेय दे दिया है। वे रूस के साथ भारत की सामरिक-व्यापारिक मैत्री के लिए भी भारत को अनेक धमकियां दे चुके हैं। चूंकि भारत सुशासन के साथ उभरती हुई एक वैश्विक शक्ति बन रहा है, इसीलिए वह अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते हुए अमेरिकी प्रस्ताव को अस्वीकार करने पर लगा हुआ है। भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताने वाले तथा पाकिस्तान में तेल स्त्रोत ढूंढ उसे समृद्ध कर एक दिन भारत को भी उससे तेल खरीदने के लिए विवश कर देने वाले, ट्रंप के नवीनतम वक्तव्यों ने अंततः भारत को प्रतिक्रिया के लिए विवश कर ही दिया है। परिणाम में भारत ने अमेरिका के एफ-35 फाइटर जेट्स को खरीदने के बारे में पूर्व के अनेक किंतुओं-परंतुओं के बाद अब अंतिम रूप से उन्हें निकट भविष्य में नहीं खरीदने की घोषणा कर डाली है। इसके प्रत्युत्तर में ट्रंप ने भारत पर एक अगस्त से लागू होने वाले 25 प्रतिशत शुल्क आरोपण नियम को अब आठ अगस्त तक के लिए टाल दिया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन से तय होती है जीवन की सही दिशा



संकलित
दर्शन

अकसर समस्याओं में लोग दूसरों को पुकारते हैं जबकि यदि लोग अपने मन को अंतर्मुख करें, तो समाधान उन्हें अपने में ही मिल जाएगा। बस कुछ समय निकाल कर खुद के अंदर झांकने की जरूरत होती है। कहते हैं कि मन से जीवन की दिशा तय होती है, लेकिन ये बड़ा चंचल होता है। इसे समझना आसान नही है। मन को दुखी न करो : हमेशा उन विचारों को दूर करने की कोशिश करें जो मन को दुख पहुंचाने वाले हैं। उन बातों को भी मन पर बिलकुल हावी न होने दें जो आपके अंदर नकारात्मकता भरती हैं। मन को पकडक़र न बैठो : अकसर मन इधर-उधर भागने लगता है। ऐसे में उसे भागने दो। उसे जबरदस्ती पकडक़र रोकने की कोशिश न करो। इसके बाद इसके पीछे जाओ और इसे वापस ले आओ। वह कहते हैं कि इनसान स्वयं अपने मन को खुश रखने के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में उसे यह दृढ़ संकल्प करना जरूरी है कि चाहे कुछ भी हो जाए, कोई भी व्यक्ति मेरी खुशी नहीं छीन सकता। जीवन को एक सही दिशा देने में मन की विशेष भूमिका होती है। जीवन में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके प्रति बहुत गंभीर रहा जाए। यह हाथों में खेलने के लिए एक गेंद है। इसे पकड़े मत रहो। इंसानी जीवन में इच्छा को कभी भी खुद पर हावी न होने दो। इच्छा हमेशा अकेले मैं शब्द पर लटकती रहती है। ऐसे में जब इंसान मैं का त्याग कर देता है, तब इच्छा भी समाप्त हो जाती है। जीवन को लेकर गहराई से सोचिए। अतीत में बहुत सी समस्याएं आई थीं, जो आज नहीं हैं। वे आईं और चली गईं।

# ऊर्जा के नाश को रोकता है माथे का तिलक



संकलित
प्रेरणा

भारतीय संस्कृति में तिलक धारण करने का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल में तीर्थों की पवित्र मिट्टी (शुचितम मृत्तिका) तिलक के रूप में माथे पर लगाई जाती थी। धीरे-धीरे इस मृत्तिका का स्थान चंदन, गोपीचंदन, कुमकुम, भस्म या केसर ने ले लिया। तिलक धारण करने के इन सभी रूपों का उद्देश्य केवल बाह्य सज्जा नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना का जागरण है। विज्ञान की दृष्टि से देखें तो तिलक या टीका लगाने से मस्तिष्क के अग्र भाग में स्थित तंत्रिकाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे तनाव कम होता है और मन एकाग्र होता है। तिलक का स्थान मस्तक के उस भाग पर होता है, जिसे 'आज्ञा चक्र' कहा जाता है। यह स्थान निर्णय क्षमता, स्मृति और विवेक का केंद्र होता है। जब इस स्थान पर चंदन या भस्म लगाया जाता है, तो वह मानसिक शीतलता, आत्म-संयम और आस्था का संचार करता है। इसे इस तरह से भी समझा जा सकता है कि मनुष्य की दोनों भृकुटियों के मध्य में मुख्य महत्त्वपूर्ण नर्व पॉइंट होता है। तिलक उस जगह लगाने से एकाग्रता रखने में मदद मिलती है। तिलक का व्यवहार ब्राह्मणों या सनातन भारतीय समाज के अन्य वर्गों तक ही सीमित नहीं रहा है। क्षत्रिय राजा के जीवन में तिलक धारण करने को विशेष महत्व दिया जाता था। भगवान श्री रामचंद्र चंदन का तिलक लगाया करते थे। आज भी आप किसी देवालय में जाएं तो पंडित सर्वप्रथम आपके माथे पर तिलक ही लगाएगा।

## गणेशोत्सव की तैयारी



देशभर में गणेशोत्सव की तैयारी चल रही है। कोलकाता में भगवान गणेश की प्रतिमा को अंतिम रूप देता एक कलाकार।

## आज की पाती

### सेजबहार का हाल-बेहाल

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी का हाल-बेहाल है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने मकान बेचकर इतिश्री कर ली। अब सफाई के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे। अफसर मस्त हैं। जवाबदारी लेने को कोई तैयार नहीं। रजिस्टर में शिकायतें लिखकर कर्मचारी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। दो महीने बीतने के बाद भी शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है। रात में अंधेरे से भी कालोनीवासी परेशान हैं। स्ट्रीट लाइट महीने में कुछ दिन ही जलती है। जलकर और मेंटनेंस का पैसा लेकर हाउसिंग लोगों को सुविधाएं देने में असफल है। *-शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### ये नया भारत है



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जिन्हें परेशानी हो रही है, उन्हें काशी की धरती से मैं बताना चाहता हूं कि ये नया भारत है। ये बाबा भोलेनाथ को पूजने के साथ देश के दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जयंती पर नमन



'हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी', यह आत्मबोध 'पद्म भूषण' राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की लेखनी का तेज था। संस्कृति, संवेदना और राष्ट्रनिष्ठा से समृद्ध उनकी कालजयी रचनाएं युगों तक हमें संस्कारित करती रहेंगी। राष्ट्रकवि को उनकी पावन जयंती पर सादर नमन!
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सड़कें बद से बदतर



उप्र में भाजपा की पिछली सरकार ने 'गड्ढा मुक्ति' के नाम पर अरबों का जो फंड निकाला था, वो भाजपाइयों की जेब के गड्ढे तो भर गया लेकिन सड़कें बद से बदतर हो गयीं। भाजपा जाये तो सड़क बन जाए।
- अखिलेश यादव, सपा सांसद

### वाणी का सदुपयोग



पानी का अनियंत्रित प्रवाह बाढ़ बनकर गाँवों को समाप्त कर देता है और वाणी का संबंधों को मिटा देता है। पानी और वाणी पर नियंत्रण, इनका सदुपयोग करके हम अपनी बस्ती और हस्ती की रक्षा कर सकते हैं।
- आशुतोष राणा, अभिनेता

## करंट अफेयर

# विचारधारा से आमदनी तक कश्मीर में नया सोशल मीडिया खेल



सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर घाटी में कुछ युवाओं के बीच अलगाववादियों और आतंकवादियों का महिमामंडन करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने के एक नये चलन का खुलासा किया है। इसके पीछे का कारण वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि फॉलोवर बढ़ाने और विज्ञापनदाताओं से धन कमाने की एक सोची-समझी रणनीति है। श्रीनगर पुलिस कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए सोशल मीडिया साइट पर नजर रखने का हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रीनगर पुलिस को इस प्रवृत्ति का पता तब चला जब उसने ऐसे अकाउंट से जुड़े कुछ युवाओं को हिरासत में लिया। युवकों ने पूछताछ के दौरान, कथित तौर पर स्वीकार किया कि भड़काऊ तस्वीरों -जैसे कि प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन के मारे गए आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीर - का इस्तेमाल फॉलोवर का एक बड़ा आधार हासिल करने के लिए एक सोची-समझी रणनीति थी। युवकों ने बताया कि इससे वे बाद में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विज्ञापनदाताओं से विज्ञापन हासिल करके उससे पैसे कमाने में सक्षम हो सके। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में फॉलोअर, विशेषकर सीमापार और विदेशों से, हासिल करने के बाद, अकाउंट संचालक इन तस्वीरों को पहाड़ों या चिनार के पेड़ों जैसी तस्वीरों से बदल देते थे।

## ऑफ बीट

# भक्त को बचाने स्वयं प्रकट हुए नागेश्वर ज्योतिर्लिंग




गुजरात के द्वारका धाम से करीब 16 किलोमीटर दूर नागेश्वर ज्योतिर्लिंग है। ये भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में दसवें ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध है। माना जाता है ये मंदिर करीब 2500 साल पुराना है। पौराणिक मान्यता और कथा-भगवान शिव का एक अनन्य भक्त सुप्रिय नामक व्यापारी था। जिसे एक दिन दारुक नाम के राक्षस ने कारागार में बंद कर दिया और तरह-तरह के कष्ट दिए, लेकिन वह अपनी भक्ति पर अटल रहा। आखिर में दारुक ने एक दिन जब वह पूजा में मग्न था, उस पर अत्यंत क्रोध करना शुरू कर दिया, लेकिन वह अपने आराध्य भगवान शिव से प्रार्थना करता रहा, आखिर में भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में कारागार में प्रकट हुए और सुप्रिय को पाशुपतास्त्र दिया ताकि वह अपनी रक्षा कर सके। इस अस्त्र से सुप्रिय ने राक्षस दारुक तथा उसके अनुचरों का वध कर दिया। उसी समय से भगवान शिव के इस ज्योतिर्लिंग का नाम नागेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंदिर परिसर में भगवान शिव की पद्मासन मुद्रा में एक 80 फुट की विशालकाय मूर्ति है। गर्भगृह में पुरुष भक्त धोती पहनकर ही प्रवेश कर सकते हैं, वह भी तभी जब उन्हें अभिषेक करवाना है। शिवपुराण के अनुसार नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद उसकी उत्पत्ति और माहात्म्य संबंधी कथा सुनने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**रेल मंत्री वैष्णव ने भावनगर में कहा**

# अब मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जल्द शुरू होगी, समय भी बचेगा

## अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा-पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर रायपुर एक्सप्रेस को डिजिटली हरी झंडी दिखाई

एजेंसी ▶▶ भावनगर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा बहुत जल्द शुरू होगी और इससे मुंबई व अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय 2घंटे सात मिनट रह जाएगा। केंद्रीय मंत्री भावनगर टर्मिनस पर थे, जहां से उन्होंने अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा-पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन किया। वैष्णव ने कहा कि मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली बुलेट ट्रेन बहुत जल्द शुरू होगी और इस परियोजना पर काम तेज गति से जारी है। इससे मुंबई से अहमदाबाद तक की यात्रा में केवल 2 घंटे 7 मिनट लगेंगे।




### 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से चलेगी

मुंबई और अहमदाबाद के बीच भारत की पहली बुलेट ट्रेन 508 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) क्षेत्र से शुरू होगी और 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से गुजरात के वापी, सूरत, आणंद, वडोदरा और अहमदाबाद को जोड़ेगी।

## सीएम साय ने रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को किया रवाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर-जबलपुर दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साय ने रायपुर से जबलपुर तक इस एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के लोगों को लाभ होगा। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि जबलपुर के वास्ते एक नई ट्रेन सेवा शुरू हो गई है। मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों की ओर से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद देता हूं।



**डोंगरपुर से जाएगी**

उन्होंने बताया कि इससे पहले रायपुर से जबलपुर जाने के लिए सिर्फ एक ही ट्रेन थी। इस मार्ग पर जाने वाली यह ट्रेन छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल डोंगरगढ़ होते हुए जबलपुर जाएगी।

**रायपुर से अपराह्न 2.45 बजे रवाना होगी**

यह ट्रेन रायपुर से अपराह्न 2.45 बजे रवाना होगी और दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर और मदन महल होते हुए रात 10.45 बजे जबलपुर पहुंचेगी और सुबह 6बजे रवाना होगी।

**गडकरी ने आंध्र को दी रफ्तार**

## 272 किलोमीटर लंबी 29 एनएच परियोजनाओं का किया लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 5,233 करोड़ के निवेश के साथ 272 किमी की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं को दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट और रेलवे क्रॉसिंग को खत्म करने, लागत को कम करने और कनेक्टिविटी को मजबूत करने में लाभ होगा।



**लॉजिस्टिक्स लागत 10 प्रतिशत**

उन्होंने देश की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट में उल्लेखनीय गिरावट पर भी प्रकाश डाला। बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे के कारण लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है और दिसंबर 2025 तक इसके 9 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इस कमी से निर्यात दोगुना होने और रोजगार में वृद्धि होने की उम्मीद है।

**खबर संक्षेप**


### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों के बीच चर्चा हुई। इस बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है। राष्ट्रपति के एक्स से रविवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर भी शेयर की गई, जिसमें वे चर्चा करते दिख रहे हैं।



### नहीं रहे कन्नूर के 'दो रुपए वाले डॉक्टर'

**कन्नूर ।** केरल के कन्नूर में डॉक्टर एके रायरू गोपाल का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को निधन हो गया। वे 5 दशक से अपने क्लीनिक में मात्र दो रुपए में हजारों गरीब मरीजों का इलाज करते रहे। वे 80 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। कोई उन्हें दो रुपए वाले डॉक्टर साहब कहता तो कोई कुछ और।



### डिवाइडर तोड़ फेंसिंग से टकराई बस, 10 जख्मी

**उन्नाव।** आगरा एक्सप्रेसवे पर औरास क्षेत्र में कोइलियाखेड़ा गांव के पास दिल्ली से सिद्धार्थनगर जा रही स्लीपर बस के चालक को तड़के 4बजे झपकी लग गई। बस डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी लेन में जाकर रुक गई।बस दूसरी दिशा में एल्युमिनियम गार्ड को तोड़ते हुए खंती में नहीं गिरी। 2 चालक समेत 10 यात्री घायल हो गए।



### आप सुअर से कुश्ती नहीं लड़ सकते? मोइत्रा

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और कल्याण बेनर्जी की लड़ाई किसी से छिपी नहीं है। महुआ पर कल्याण ने बीजेडी नेता पिनाकी मिश्रा से शादी पर आलोचना की थी। महुआ ने कहा आप सुअर से कुश्ती नहीं लड़ते क्योंकि सुअर को यह पसंद है और आप गंदे हो जाते हैं।



**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने साधा निशाना**

# दिल्ली पुलिस का बंगाली को 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' बताना अपमानजनक

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दिल्ली पुलिस पर एक कथित पत्र में बंगाली भाषा को 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' करार दिये जाने पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह 'अपमानजनक, राष्ट्र-विरोधी और असंवैधानिक' है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी, जिन्होंने एक्स पर पत्र साझा किया, ने अपनी पार्टी प्रमुख की भावनाओं को दोहराया और आरोप लगाया कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा 'बंगाल को बदनाम' करने का एक सोचा-समझा प्रयास है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को उचित ठहराया और कहा कि पश्चिम बंगाल में बोली और लिखी जाने वाली बांग्ला भाषा और बांग्लादेश की बोली में अंतर है। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों का बचाव करने की कोशिश कर रही है जो उर्दू से प्रभावित बांग्ला भाषा बोलते हैं।

## यह भाजपा का 'बंगाल को बदनाम' करने का एक सोचा-समझा

### केंद्र सरकार को बंगाली विरोधी बताया

'विदेशी अधिनियम' के तहत एक मामले की जांच से जुड़ा यह पत्र राष्ट्रीय राजधानी में राज्य सरकार के आधिकारिक अतिथि गृह (बंग भवन) के प्रभारी अधिकारी को लिखा गया था। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने केंद्र सरकार को बंगाली विरोधी बताया और 'देश के बांग्ला भाषी लोगों को अपमानित करने के लिए ऐसी संविधान-विरोधी भाषा' के खिलाफ सभी से विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया। ममता बनर्जी ने पत्र की एक प्रति साझा करते हुए अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, देखिए, अब कैसे भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सीधे नियंत्रण में दिल्ली पुलिस बांग्ला को 'बांग्लादेशी' भाषा बता रही है।



### बांग्ला न केवल उनकी मातृभाषा है, बल्कि रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की भी भाषा रही

ममता ने कहा कि बांग्ला न केवल उनकी मातृभाषा है, बल्कि रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की भी भाषा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्ला ही वह भाषा है जिसमें भारत का राष्ट्रगान (टैगोर द्वारा रचित 'जन गण मन') और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम', दोनों लिखे गए थे। ममता बनर्जी ने कहा कि वह भाषा जिसमें करोड़ों भारतीय बोलते और लिखते हैं, वह भाषा जिसे भारत के संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त है, उसे अब बांग्लादेशी भाषा बताया जा रहा है! इससे पहले दिन में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने 'एक्स' हैंडल पर एक पत्र पोस्ट किया, जिसमें दावा किया गया कि जांच के प्रभारी पुलिस अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में बंग भवन को पत्र लिखकर आठ लोगों की गिरफ्तारी के बाद 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' के लिए अनुवादक की मांग की, क्योंकि पकड़े गए लोगों पर पड़ोसी देश से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का संदेह है।

### अभिषेक ने पुलिस अधिकारी के निलंबन की मांग की

अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली पुलिस अधिकारी के निलंबन की मांग की। उन्होंने लिखा कि हम जांच अधिकारी अमित दत्त के तत्काल निलंबन और दिल्ली पुलिस, भाजपा और अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय से औपचारिक तौर पर सार्वजनिक रूप से माफी की मांग करते हैं। पश्चिम बंगाल भाजपा ने भी दिल्ली पुलिस के पत्र की एक प्रति अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट की। प्रदेश भाजपा ने अपने पोस्ट में कहा कि अब टीएमसी अपमानजनक रूप से दावा कर रही है कि यह 'हमारी भाषा का अपमान' है। लेकिन विडंबना यह है कि उनका पूरा आक्रोश बांग्लादेशियों का बचाव करने के लिए है। इसका भारत या भारतीय बंगालियों से क्या लेना-देना है?



**उधर, असम के मुख्यमंत्री सरमा बोले**

### राहुल देशद्रोही, पाक और बांग्लादेशी मुसलमानों का समर्थक बने

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल देशविरोधी हैं और केवल बांग्लादेश व पाकिस्तान के मुसलमानों का समर्थन करते हैं। बोडोलैंड क्षेत्र में एक चुनावी सभा के बाद मीडिया से बात करते हुए सरमा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी असम के महान प्रतीकों का सम्मान नहीं करती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न तो कामाख्या मंदिर का सम्मान करती है और न ही महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव को मानती है। सरमा ने कहा कि राहुल गांधी भारत-विरोधी व्यक्ति हैं। वह केवल बांग्लादेश और पाकिस्तान के मुसलमानों के साथ हैं।



**इंडिया ब्लॉक की बैठक**

# 7 को राहुल गांधी के घर पर कई मुद्दों पर करेगा मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडिया ब्लॉक) की अगली बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राहुलने हाल ही में आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों में करीब 70-80 सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत मामूली बहुमत से जीते हैं और यदि 15 सीटें भी सही तरीके से हुई होतीं, तो वो प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया, महाराष्ट्र में फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से संभावित टैरिफ (शुल्क) धमकी पर चर्चा हो सकती है।

### पवार तेजस्वी समेत ये नेता होंगे शामिल

पिछली बैठक 19 जुलाई को वर्चुअल हुई थी, जिसमें 24 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे, जिसमें एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मौजूदा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे शामिल थे। इस बार फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने भी पुष्टि की है कि वे बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वे बिहार की एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे, जिसे भाजपा-जेडीयू गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया जा रहा है।

### क्या कह रही हैं विपक्षी पार्टियां ?

शिवसेना (यूबीसी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कि चाहे वह पहलगाम आतंकवादी हमला हो या ऑपरेशन सिंदूर, सरकार कोई जवाबदेही नहीं दिखा रही है। प्रधानमंत्री ने खुद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और सरकार के लोग क्रिकेट खेल रहे हैं। यह शहीदों का अपमान है। उन्होंने महाराष्ट्र में 45 लाख नए वोटरों के जुड़ने और 70 लाख वोटों के अंतिम समय में डाले जाने पर सवाल उठाया। बिहार में 60 से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए जाने पर भी चिंता जताई, जिससे वोट अधिकार छिन गया है।

**आंध्रः शराब घोटाले का मिला वीडियो**

## 2000-500 की गड्डियों का ढेर, पैसा गिन रहे 'आदमी'

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

आंध्र प्रदेश शराब घोटाला मामले में पैसों की गड्डियां का ढेर सामने आया है। शराब मामले में एसआईटी अधिकारियों के हाथ अहम सबूत लगे हैं। एसआईटी को एक ऐसा वीडियो मिला है जिसमें पूर्व विधायक चेविरेड्डी के खास आदमी वेंकटेश नायडू इस पैसों की गड्डियां गिनते हुए नजर आ रहे हैं। ये वीडियो कब का है? अब इस पर चर्चा होने लगी है।



### 11 करोड़ पहले ही जब्त

एसआईटी अधिकारियों ने रंगारेड्डी जिले के शमशाबाद में शराब घोटाले से जुड़े 11 करोड़ रुपये पहले ही जब्त कर लिए हैं। एसआईटी अधिकारियों ने पहचान की है कि पिछले विधानसभा चुनावों से पहले नकदी बांटने के लिए यह रकम कई जगहों पर छिपाई गई थी।

**हमें गौरवान्वित किया**

## सीजेआई ने विश्व चैंपियन दिव्या की दादी के छुए पैर

एजेंसी ▶▶ नागपुर

देश के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने दिव्या देशमुख के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। नागपुर की रहने वाली 19 साल की दिव्या देशमुख ने 28 जुलाई को जॉर्जिया के बातुमी में आयोजित महिला विश्व कप के फाइनल में टाईब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर सबसे कम उम्र की खिलाड़ी के तौर पर यह खिताब जीता है। दिव्या को इस उपलब्धि ने उन्हें उन्हें ग्रैंडमास्टर भी बना दिया है। सीजेआई ने दिव्या को बधाई देते हुए अपनी पुरानी यादों को ताजा किया और कहा कि उन्हें दिव्य की उपलब्धि पर गर्व है। मेरे घर की बेटी ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सम्मान समारोह होंगे। इस दौरान सीजेआई ने दिव्या की दादी के पैर छुए।



## लोगों ने किया मौन मार्च

**'महादेवी' को वनतारा से वापस लाने की मांग तेज**



**कोल्हापुर।** यहां एक अनोखा और भावुक दृश्य देखने को मिला। 36 वर्षीय हथिनी 'महादेवी' को गुजरात के वनतारा सेंटर से वापस लाने के लिए हजारों लोग हाथों में तख्तियां लिए सड़कों पर उतरे। मांग को लेकर हजारों लोगों ने मौन मार्च किया। यह मार्च पूर्व सांसद राजू शेट्टी के नेतृत्व में नंदनी से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।दरअसल, महादेवी को हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन सेंटर भेजा गया है।

**आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में दुखद हादसा**

**राहत-बचाव कार्य शुरू**

## ग्रेनाइट खदान धंसने से ओडिशा के 6 श्रमिकों की मौत, 3 घायल

एजेंसी ▶▶ बापटला

आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार सुबह एक दुखद हादसा हो गया, जब एक भारी ग्रेनाइट की चट्टान खदान में काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में 6प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 3अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सुबह करीब 10:30 बजे 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक विशाल चट्टान उन पर गिर पड़ी। शुरुआती जांच में लगता है कि बारिश या पानी के रिसाव की वजह से चट्टान कमजोर हो गई थी, जिससे वह गिर गई। घटना के समय कोई ब्लास्ट या भूकंप जैसी गतिविधि नहीं हुई थी।

### जगन मोहन ने जताई संवेदना



पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दिल तोड़ देने वाली घटना है। ये मजदूर परिवारों के लिए मेहनत कर रहे थे और ऐसे में उनकी जान जाना बेहद दुखद है। उन्होंने सरकार से मांग की कि घायलों को तुरंत इलाज मिले और मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए।

### मुख्यमंत्री नायडू ने कहा- जांच होगी

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों से बात की है और घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए हैं। हादसे की पूरी जांच कराई जाएगी।

**राजनीति का लाभ लेने या वर्ग विशेष को खुश करने की कोशिश**

# सनातन ने देश को बर्बाद किया, यह एक विकृति विचारधारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनसीपी (शरद पवार) गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म पर कहा कि इसने भारत को बर्बाद किया और उन्होंने इसकी विचारधारा को विकृत करार दिया। जितेंद्र ने महाराष्ट्र के ठाणे में अपने इस बयान में उन्होंने सनातन धर्म को छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक से इनकार, संभाजी महाराज की बदनामी, ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले पर हमले, और डॉ. बीआर आंबेडकर के साथ भेदभाव जैसे ऐतिहासिक अन्यायों का जिम्मेदार ठहराया। यह बयान मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी सात आरोपियों के बरी होने के बाद आया है।

**एनसीपी ने पकड़ी कांग्रेस की राह!**

### क्या शरद की पार्टी 'बेपटरी' हो रही!



इस बयान ने यह सवाल उठाया है कि क्या शरद पवार की एलसीपी अब कांग्रेस की राजनीति की राह पर चल पड़ी है? शरद का राजनीतिक स्टाइल हमेशा से रणनीतिक और लचीला रहा है। वे महाराष्ट्र की राजनीति में गूगली फेंकने के लिए जाने जाते हैं। कांग्रेस का राजनीतिक स्टाइलअल्पसंख्यक समुदायों विशेष रूप से मुसलमानों के प्रति नीति से जुड़ा रहा है। कांग्रेस ने सेक्युलरिज्म के नाम पर अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश की है।

**भगवान राम को मांसाहारी बोल चुके आव्हाड**

आव्हाड का इतिहास भी विवादों से भरा है। 2024 में उन्होंने भगवान राम को मांसाहारी कहा था। हालांकि, शरद पवार ने अभी तक आव्हाड के बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह संभव है कि पवार, अपनी रणनीतिक चुप्पी के साथ, इस विवाद को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करें।

**भाजपा ने किया पलटवार**

### एसपी के नेता तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे

आव्हाड के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता राम कदम ने कहा कि वे तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। आव्हाड ने कहा था कि सनातन धर्म ने भारत को बदनाम कर दिया है। कदम ने कहा कि शरद के गुट के नेता का बयान शास्त्रों के अधूरे अध्ययन पर आधारित है। क्या आप सनातन धर्म को बदनाम कर रहे हैं? क्या अब आप अपनी राजनीति के लिए ऐसा करेंगे? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जितेंद्र केवल तुष्टिकरण की राजनीति के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## पीएनबी का 30 लाख करोड़ कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) चालू वित्त वर्ष के अंत तक 30 लाख करोड़ रुपए के कुल कारोबार के ऐतिहासिक आंकड़े को छूने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने यह उम्मीद जताई। लक्ष्य को हासिल करने के लिए सही रणनीति है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के अंत में पीएनबी का कुल कारोबार 11.6 प्रतिशत बढ़कर 27.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। पीएनबी के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा का स्थान है।

## बीएसएनएल-नुमालीगढ़ रिफाइनरी में समझौता

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने रिफाइनरी क्षेत्र में 5जी निजी नेटवर्क की तैनाती के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। तत्वावधान में आयोजित 'सीपीएसई के लिए उद्योग 4.0 कार्यशाला' के दौरान दोनों कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट

ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# ब्याज दरें, तिमाही नतीजे और शुल्क नीति तय करेंगे इस हफ्ते बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


इस सप्ताह शेयर बाजार ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले, कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों और शुल्क संबंधी खबरों पर नजर रखेगा। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और वैश्विक इक्विटी बाजारों के रुझान भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, 'घरेलू स्तर पर, सभी की निगाहें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बैठक पर होंगी, जहां मुद्रास्फीति, नकदी और वृद्धि को लेकर केंद्रीय बैंक की टिप्पणियों पर गहरी नजर रहेगी। आय के मोर्चे पर भारती एयरटेल, डीएलएफ, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजे आने हैं। अन्य महत्वपूर्ण कारकों में एचएसबीसी सेवा और समग्र पीएमआई की घोषणा, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापार वार्ता पर अमेरिकी रुख शामिल हैं। ये सभी निकट भविष्य में बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं।

**भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर होगी बैठक**

### विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने निराशा को बढ़ाया

व्यापार संबंधी चिंताओं और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने पिछले सप्ताह बाजारों में निराशा को और बढ़ा दिया। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, 'वैश्विक और घरेलू कारकों से बढ़ी अस्थिरता के बीच छह अगस्त को होने वाली आरबीआई की नीतिगत बैठक एक महत्वपूर्ण घटना होगी।' उन्होंने कहा कि इस बीच अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, ट्रेंट, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स सहित कई प्रमुख कंपनियों के नतीजे आने वाले हैं, जिससे शेयर-विशिष्ट गतिविधियों में तेजी आ सकती है।



### जुर्माना लगाने का फैसला अप्रत्याशित

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस के साथ ऊर्जा एवं रक्षा के व्यापार के कारण जुर्माना लगाने का फैसला अप्रत्याशित था। इसने अल्पावधि में बाजार की धारणा को प्रभावित किया है।

### शेयर बाजारों के मजबूत बने रहने की उम्मीद

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिकी शुल्क लागू होने, अब तक मिले-जुले नतीजों और एफआईआई की बढ़ती निकासी के बीच भारतीय शेयर बाजारों के मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

## भारत का आयात बिल 9-11 अरब डॉलर बढ़ने की संभावना

# भारत को रूसी तेल खरीदना पड़ेगा अब महंगा अमेरिकी पाबंदियों से बढ़ सकता है आयात बिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाने की अमेरिकी धमकियों से बचने के लिए भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात बंद करता है, तो देश का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया।

### जुर्माने की राशि घोषित नहीं

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद पश्चिमी देशों ने मास्को पर प्रतिबंध लगाए थे। इसके बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद अब हालात बदल गए हैं। अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क की अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन जुर्माने की राशि अभी तक घोषित नहीं की गई है। वैश्विक विश्लेषक केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रिटोलिया ने इसे ''दोतरफा दबाव'' करार दिया।

**भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर हासिल किया लाभ**



### रूसी तेल व्यापार के आधारभूत ढांचे को प्रभावित करेगा

*एक ओर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध भारतीय रिफाइनरियों को प्रभावित करेंगे, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शुल्क का खतरा भारत के रूसी तेल व्यापार के आधारभूत ढांचे को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा, 'ये सभी उपाय मिलकर भारत के कच्चे तेल की खरीद के लचीलेपन को कम करते हैं, अनुपालन जोखिम बढ़ाते हैं और लागत में भारी अनिश्चितता पैदा करते हैं।' केप्लर के आंकड़े जुलाई में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय गिरावट दर्शाते हैं (जून में 21 लाख बैरल प्रतिदिन की तुलना में 18 लाख बैरल प्रतिदिन)। हालांकि यह कमी कुछ हद तक नियमित रिफाइनरी रखरखाव और कमजोर मानसून प्रेरित मांग के चलते भी हो सकती है। यह गिरावट सरकारी रिफाइनरों के बीच ज्यादा स्पष्ट है। निजी रिफाइनरी भी खरीद में विविधता ला रही हैं।*


### कपड़ा मंत्रालय करेगा उद्योग जगत के शीर्ष लोगों से मुलाकात



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह अगले सप्ताह उद्योग जगत के हितधारकों से मुलाकात करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के संभावित असर पर विचार-विमर्श करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कपड़ा और परिधान निर्यात के लिए अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है, जो इस क्षेत्र से देश के कुल निर्यात का लगभग 25 प्रतिशत है। बैठक में पिछले महीने हस्ताक्षरित ब्रिटेन-भारत एफटीए से भारत के कपड़ा क्षेत्र को होने वाले संभावित लाभ पर भी चर्चा होगा।सरकार और उद्योग 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के कपड़ा निर्यात लक्ष्य को हासिल करने और अमेरिकी शुल्क घोषणा के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी घोषणा के मद्देनजर घरेलू कपड़ा निर्यातकों को समर्थन देने के लिए किसी भी उपाय पर चर्चा करना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन सरकार इस समय उद्योग जगत की प्रतिक्रिया जानना चाहती है और ब्रिटेन-भारत एफटीए तथा अन्य अप्रयुक्त क्षमता वाले बाजारों के संदर्भ में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, 'हम उद्योग जगत के साथ लगातार संपर्क में हैं। मंत्री ने एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। हम विभिन्न पक्षों, भारत की प्रमुख परिधान निर्यात कंपनियों से बात करेंगे। ब्रिटेन-भारत एफटीए से कपड़ा क्षेत्र के लिए तैयार होने वाले अवसरों पर भी चर्चा होगी।'

# सात शीर्ष कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 1.35 लाख करोड़ रुपए घटा

- टीसीएस को लगा सबसे ज्यादा झटका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 1.35 लाख करोड़ रुपए घट गया।

इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 863.1

**रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन बढ़ा :** इस दौरान टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में संयुक्त रूप से 1,35,349.93 करोड़ रुपए की गिरावट आई।

दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर का संयुक्त मूल्यांकन बढ़ा। इन तीनों कंपनियों ने कुल मिलाकर 39,989.72 करोड़ रुपए जोड़े।

### एयरटेल का बाजार पूंजीकरण घटा

टीसीएस का मूल्यांकन 47,487.4 करोड़ रुपए घटकर 10,86,547.86 करोड़ रुपए रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 29,936.06 करोड़ रुपए घटकर 10,74,903.87 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 32,013.18 करोड़ रुपए बढ़कर 5,99,462.97 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## अमेरिकी शुल्कः निर्यातकों ने सरकार से की किफायती दरों पर ऋण की मांग

**नई दिल्ली।** उद्योग अधिकारियों ने बताया कि खाद्य, समुद्री और कपड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों ने 25 प्रतिशत ट्रम्प शुल्क से निपटने के लिए सरकार से वित्तीय सहायता और किफायती ऋण की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुंबई में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में कुछ निर्यातकों ने उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं की मांग की। एक अधिकारी ने कहा, निर्यातकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित उच्च शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में आने वाली समस्याओं पर अपनी राय रखी। उन्होंने आगे बताया कि मंत्री ने सुझाव दिया है कि निर्यातक समुदाय अपने सुझाव लिखित रूप में भेजें। उन्होंने सस्ती दरों पर ऋण और राजकोषीय प्रोत्साहन की भी मांग की। निर्यातकों के अनुसार, भारत में ब्याज दरें आठ से 12 प्रतिशत या उससे भी अधिक होती हैं। प्रतिस्पर्धी देशों में ब्याज दर बहुत कम है। उदाहरण के लिए, चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 प्रतिशत, मलेशिया में तीन प्रतिशत, थाईलैंड में दो प्रतिशत और वियतनाम में 4.5 प्रतिशत है।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।


## दुर्लभ मेटल्स की चुनौती से भिड़ेगी महिंद्रा इंजीनियरिंग

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा अगले नौ महीनों के लिए वैकल्पिक साधनों के जरिए दुर्लभ मृदा चुंबकों की आपूर्ति की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बढ़ते उत्पाद पोर्टफोलियो के बीच कच्चे माल की कमी से निपटने के लिए वह 'इंजीनियरिंग प्रयास' करेगी।

वैकल्पिक स्रोतों के के लिए कदम उठाए

चीन के प्रमुख दुर्लभ मृदा चुंबकों पर निर्यात प्रतिबंध लगाने के चलते आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं आई हैं, जिसका असर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों सहित उपयोगकर्ता उद्योगों पर पड़ा है। चुंबक वाहन, घरेलू उपकरण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में आवश्यक घटक हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी अमरज्योति बरुआ ने कहा, 'हमने जो भी कदम उठाए हैं, उनके आधार पर वित्त वर्ष 2025-26 का इंतजाम तो मोटे तौर पर है। अब हमें कुछ मध्यम और दीर्घकालिक कदमों पर काम करना होगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी ने समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक स्रोतों के माध्यम से भंडार बनाने के लिए कदम उठाए हैं।

# आईएचसीएल पूर्वोत्तर में खोलेगा नई होटल



- पूर्वोत्तर में कुल 1,348 कमरों वाले 15 होटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा समूह की आतिथ्य सेवा इकाई इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) वृद्धि के लिए पूर्वोत्तर में नई संपत्तियों के विकास पर जोर दे रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत चटवाल ने यह जानकारी दी।

**काजीरंगा में नई होटल बनाने की योजना :** उन्होंने कहा, ''दो संपत्तियों का उन्नयन भी किया जा रहा है, एक गुवाहाटी स्थित मौजूदा विवांता है, जिसे ताज में बदला जाएगा। हम उस संपत्ति का विस्तार कई कमरों, बैंक्वेट हॉल आदि के साथ करेंगे।

हम काजीरंगा (असम) में एक और होटल बनाएंगे।' चटवाल ने यह भी दोहराया कि आईएचसीएल ने पुर्वोत्तर में अपनी पहली 'ताज पैलेस' संपत्ति के लिए त्रिपुरा के अगरतला स्थित 'ताज पुष्पबंता पैलेस' के साथ समझौता किया है।

### पूर्वोत्तर के विकास की महत्वाकांक्षा

कंपनी के पास पूर्वोत्तर में कुल 1,348 कमरों वाले 15 होटल हैं। इसके अलावा कुल 634 कमरों वाले छह होटल बन रहे हैं। चटवाल ने बताया कि पूर्व और पूर्वोत्तर में संपत्तियों का विकास एक रणनीतिक पहल का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, 'जैसे 50 साल पहले गोवा था, 30 साल पहले केरल था। हाल ही में, आपने लक्षद्वीप के बारे में सुना होगा। अब पूर्वोत्तर है। पूर्वोत्तर के विकास की भारत की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। एक टाटा समूह की कंपनी के रूप में यह हमारा योगदान है।' पूर्वोत्तर में शुरू की जा रही कुछ नई परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, 'आईएचसीएल ने असम में जगीरोड जैसी परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जो टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के आगामी कारखाने के सामने है।'

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा और एफएसएसएआई ने कस्टमाइज्ड वेब-आधारित भुगतान समाधान की, शुरूआत हेतु समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



नई दिल्ली, भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने कस्टमाइज्ड वेब-आधारित भुगतान समाधान - 'एफएसएसएआई पेमेंट सॉल्यूशन' प्रदान करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर निदेशक, एफएसएसएआई कमांडर शरद अग्रवाल और बैंक ऑफ़ बड़ौदा, नई दिल्ली अंचल की मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख सुश्री मिनी टीएम ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) श्री एम.वी.एस. सुधाकर, महाप्रबंधक, सरकारी संपर्क विभाग सुश्री रचना मिश्रा, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, दक्षिण दिल्ली क्षेत्र श्री समीर कुमार ओझा भी उपस्थित रहे। इस साझेदारी का उद्देश्य एफएसएसएआई से जुड़े विभिन्न हितधारकों के लिए डिजिटल भुगतान इंटरफ़ेस को सुव्यवस्थित बनाते हुए व्यवसाय को सुगम बनाना है। यह समाधान निधि संवितरण, वेंडर भुगतान और सूचना प्रबंधन प्रणाली (एमआईएस) की कार्यनीतियों को सहज और स्वचालित बनाएगा। इस आईटी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के क्रियान्वयन से एफएसएसएआई तथा उसकी संबद्ध एजेंसी निधियों और भुगतानों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन कर सकेंगी। यह नोडल खाते की प्रभावी निगरानी और नियंत्रण भी सुनिश्चित करेगा।


## गोदरेज प्रॉपर्टीज की बुकिंग लक्ष्य की ओर

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज़ के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि आवास की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है, और कंपनी चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए 32,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के लक्ष्य को पूरा करने या उससे भी अधिक की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवास बाजार में जो उत्साह देखा गया था।

## भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल, ट्रंप का बयान गलत : भानुमूर्ति

**नई दिल्ली।** भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल है और पिछले तीन साल से सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' बताना 'बिल्कुल गलत' है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक एनआर भानुमूर्ति ने रविवार को यह कहा। भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू कारकों पर आधारित उन्होंने बताया कि दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के उलट, भारतीय अर्थव्यवस्था काफी हद तक घरेलू कारकों पर आधारित है। विशाल घरेलू बाजार और बढ़ते डिजिटल बाजार के साथ, अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के कारण वृद्धि के मोर्चे पर जोखिम सीमित है। उल्लेखनीय है कि भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस के साथ व्यापार करने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'मुझे परवाह नहीं है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है।

## शब्द पहेली - 5948



**बाएँ से दाए**


1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5947 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |



# नेशनल बैंक ओपन : विक्टोरिया ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

■ 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया

**गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए**

मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे। मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3 जबकि कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।



## क्वार्टर फाइनल में रूण को हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया।

अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।



## खबर संक्षेप

### अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते शिवम, मौसम

**बैंकॉक।** भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की।



पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालाकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### 42वें स्थान पर खिसकी दीक्षा

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर लगातार दूसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से एआईजी महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 28वें से संयुक्त 42वें स्थान पर खिसक गईं।




चौबीस साल की दीक्षा ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट में कट हासिल किया है। दीक्षा ने तीसरे दौर में एक ईगल, तीन बर्डी, दो डबल बोगी और दो बोगी की। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर एक ओवर है। इस बीच मियु यामाशिता दो ओवर 74 के स्कोर से कुल नौ अंडर के स्कोर से शीर्ष पर बरकरार हैं। चौबीसवें जन्मदिन के दिन हालांकि यामाशिता की बढ़त तीन शॉट से सिर्फ एक शॉट की रह गई।

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को हराया

**नई दिल्ली।** रोहन राठी ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के पहले मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर पांच विकेट की जीत दिलाई।

सुपरस्टार्स के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स को अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी और राठी ने काव्य गुप्ता के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी।




राइडर्स की तरफ से कप्तान अनुज रावत ने 35 गेंद में 55 जबकि मयंक रावत ने 20 गेंद में 30 रन बनाए। हार्दिक शर्मा ने 27 रन की उपयोगी पारी खेली। सुपरस्टार्स ने इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 169 रन का स्कोर खड़ा किया।

### स्कॉटिश चैलेंज : तलवार 54वें स्थान पर खिसके

**रॉक्सबर्ग।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार स्कॉटिश चैलेंज के तीसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 54वें स्थान पर पर खिसक गए।



तलवार ने शुरुआती दौर में पांच अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला था लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में एक समान 72 के कार्ड के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर का हो गया। स्कॉटलैंड के डेनियन यंग सात अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलने के बाद चार शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## खराब लाइट के कारण चौथे दिन का खेल जल्दी खत्म

# ओवल टेस्टः इंग्लैंड जीत से 35 रन दूर, भारत को चार विकेट की दरकार

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की श्रृंखला का रोमांचक पांचवें टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल रविवार को खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका। दिन का खेल रोके जाते समय इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी जबकि भारत को चार विकेट की दरकार है। इस समय जैमी स्मिथ दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे जबकि जैमी ओवरटन ने खाता नहीं खोला था। जीत के लिए ओवल मैदान पर रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने छह विकेट पर 339 रन बना लिये है। इंग्लैंड श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

■ श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड

चोट के कारण पहली पारी में बल्लेबाजी नहीं करने वाले क्रिस वोक्स हालांकि ड्रेसिंग रूम में चोटिल हाथ में स्लिंग लगाये टेस्ट टीम की जर्सी में दिखे, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने चाय के विश्राम के बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत की उम्मीदें जगा दी है।




### ब्रुक को मिला जीवनदान

आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर कैच पकड़ने के बाद मोहम्मद सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया और यह छह रन में बदल गया। ब्रुक ने इससे पहले आकाशदीप के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का जड़ा था। जीवनदान मिलने के बाद उन्होंने कृष्णा के खिलाफ दो बेहतरीन चौके जड़े।

### पहली बार 400 से ज्यादा बाउंड्री

इतिहास में पहली बार भारत ने किसी टेस्ट सीरीज में 400 से ज्यादा बाउंड्री लगाई हैं। इससे पहले भारत ने 1964 में एक सीरीज में 384 बाउंड्री लगाई थीं, जो रिकॉर्ड 60 साल तक कायम रहा था। सिर्फ बाउंड्री ही नहीं, भारत के बल्लेबाजों ने इस सीरीज में कुल 28 बार 50 या उससे अधिक रन बनाए हैं, जो किसी भी टीम के एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज़्यादा है।

### टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीमें

भारत ने 2025 एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान कुल 3,809 रन बनाए, औसत रहा 42.32। यह टेस्ट इतिहास में किसी भी टीम की दूसरी सबसे बड़ी रन-संख्या है। पहले नंबर पर है ऑस्ट्रेलिया, जिसने 1989 एशेज सीरीज़ में 6 मैचों में 3,877 रन (औसत 57.86) बनाए थे।

## टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है

# सिर्फ 'बिग थ्री' को टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकतेः गूच

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी श्रृंखला दबाव झेल रहे टेस्ट प्रारुप के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ 'बिग थ्री' (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा।

अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है, जो पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की श्रृंखला में ही हिस्सा लेते हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को 'बिग थ्री' देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है।

गूच ने कहा, 'मुझे लगता है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की



जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।' टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन के साथ इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज 72 वर्षीय गूच ने कहा, 'क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा।'

### दबाव में टेस्ट क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक शानदार श्रृंखला रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है। क्योंकि हम जानते हैं कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट दुनिया भर में छाया हुआ है और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है।' गूच ने कहा, 'तो इस तरह की श्रृंखला में काफी रोमांच, काफी अच्छा क्रिकेट, ढेर सारे रन, शानदार गेंदबाजी, और तनाव, कभी-कभी खेल में थोड़ी-बहुत चुभन भी होती है, जिससे असल में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।'

## क्रिकेट

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को हराया, दर्ज की रोमांचक जीत



एजेंसी ▶▶| लॉडरहिल (अमेरिका)

जैसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा, जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

■ टी20 में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की

अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा।

वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया।

होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से हराया था।

## राहुल ने की हर मिनट इंग्लैंड श्रृंखला की तैयारी : नायर

**मुंबई।** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि लोकेश राहुल ने अपने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड दौरे की तैयारी में बिताया है और टीम के लिए सभी क्रम पर खेलने से मिलने वाली प्रशंसा के वह हकदार हैं। राहुल पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 53.20 की औसत से 532 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाई।



कुछ समय पहले तक भारत के सहायक कोच के रूप में काम करने वाले नायर ने कहा कि वह राहुल के किए बदलावों का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन वह वांछित परिणाम देखकर खुश हैं। नायर ने कहा, 'मैं लोकेश राहुल में देखे गए बदलावों के बारे में बात नहीं कर सकता क्योंकि इससे उसका प्रभाव काफी कम हो जाएगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी बदलाव हुए हैं, वे वाकई कारगर रहे हैं।'

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 ट्रायल



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में 'विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025' के लिए ट्रायल के दौरान 50 किलोग्राम स्पर्धा में पहलवान अंकुश और नीलम प्रतिस्पर्धा करते हुए।

## कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया

# ब्राजील ने जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब

एजेंसी ▶▶| क्विटो (इक्वाडोर)

छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया, जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई।


### एंजेलिना और अमांडा ने दागे गोल

ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राजील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।



### मार्टा ने 206 मैचों में 122 गोल किए

लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं।




एयरफोर्स की बढ़ेगी ताकत

# फ्रांस से राफेल के बाद अब स्पेन से भारत को मिले 16 नए विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने रक्षा सौदे काफी सोच-समझकर करता है। रूस भले ही भारत का भरोसेमंद पार्टनर रहा हो और वो फ्रांस से बड़े रक्षा सौदे करता है लेकिन उसे जहां भी अपनी सेना को मजबूत करके की संभावनाएं दिखती हैं, वो वहां से हथियार लेने में पीछे नहीं हटता है। इसी सिलसिले में भारत ने स्पेन से भी कुछ ऐसे एयरक्राफ्ट लिए हैं, जो उसकी सैन्य क्षमता को और भी ज्यादा बढ़ाने वाले हैं। शनिवार को भारत को स्पेन से उसका 16वां और आखिरी सी-295 सैन्य परिवहन विमान मिल गया।

यह जानकारी स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने दी। भारत को स्पेन से 16 ऐसे एयरक्राफ्ट मिले हैं, जो वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले हैं। ये एयरक्राफ्ट मल्टी रोल हैं और भारत ऐसे ही 40 एयरक्राप्ट अपने देश में भी तैयार करने वाला है। ये सैन्य परिवहन विमान हर पुराने हो चुके एवरो विमानों को रिप्लेस करने वाला है।

**खास बातें**

- भारत को स्पेन से 16 नए सी-295 विमान मिले
- ये विमान भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाएंगे
- भारत में 40 सी-295 विमान भी बनाए जाएंगे

*भारत को स्पेन से 16 ऐसे एयरक्राफ्ट मिले हैं, जो वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले हैं। ये एयरक्राफ्ट मल्टी रोल हैं और भारत इन्हें अपने देश में भी तैयार करने वाला है।*



### भारतीय वायुसेना की बढ़ेगी सामरिक क्षमता

सी-295 विमानों की खासियत यह है कि ये केवल सैन्य परिवहन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें बहु-उपयोगी भूमिका में तैनात किया जा सकता है. सीमावर्ती इलाकों में आपूर्ति गिराने, राहत कार्यों में सहायता, सैनिकों की त्वरित तैनाती और हवाई चिकित्सा जैसी कई जरूरतों को यह विमान पूरी तरह से पूरा कर सकता है। यह विमान भारत की वायुसेना में लंबे समय से इस्तेमाल हो रहे एनपो विमानों की जगह लेगा, जो अब तकनीकी रूप से पुराने हो चुके हैं। सी-295 इनकी तुलना में अधिक आधुनिक, विश्वसनीय और टिकाऊ है।

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम**

*इस डील की सबसे बड़ी बात यह है कि अब भारत में 40 सी-295 विमानों का निर्माण देश के भीतर होगा। इससे न केवल स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रक्षा क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। भारत के रक्षा क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, क्योंकि अब निजी क्षेत्र भी सैन्य विमानों के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।*

### मुख्य विशेषताएं

- *एक बार ईंधन भरने पर लगभग 11 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है।*
- *यह छोटे और असमतल रनवे से भी उड़ान भर सकता है और उतर सकता है।*
- *इसमें डिजिटल कॉकपिट और उन्नत कंट्रोल सिस्टम हैं, जो उड़ान को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाते हैं।*
- *विमान को कम लागत वाले रखरखाव के साथ लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है।*
- *71 सैनिक या 48 पैराट्रूपर्स को एक साथ ले जाने की क्षमता। जरूरत पड़ने पर इसमें मेडिकल उपकरण और स्ट्रेचर लगाकर इसे एयर एम्बुलेंस के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।*



### भारत को मिला 16वां सी-295, सौदे का पहला चरण पूरा

*शनिवार को भारत को स्पेन से आखिरी और 16वां सी-295 विमान प्राप्त हुआ। स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने इस बात की पुष्टि की इसके साथ ही इस रक्षा डील का पहला चरण पूरा हो गया है। बाकी के 40 विमान अब भारत में ही बनाए जाएंगे। यह सौदा सितंबर 2021 में स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ किया गया था।*

मझोले दर्जे का सैन्य विमान

### कठिन परिस्थितियों में भी सक्षम

सी-295 विमान एक आधुनिक, मझोले दर्जे का सैन्य परिवहन विमान है, जो विशेष रूप से मल्टी-रोल कार्यों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह विमान 5 से 10 टन तक का भार ले जा सकता है और कठिन परिस्थितियों में भी कार्य करने में सक्षम है।

## खबर संक्षेप

### कपूरथला के युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत



**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला के रहने वाले युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत हो गई। वह नवंबर 2024 में बेहतर भविष्य और रोजगार की तलाश में दुबई गया था। जहां वह टैंकर ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। हादसा बीते कल हुआ है। जिसकी जानकारी परिजनों को आज सुबह मिली है। मृतक की पहचान नवजोत सिंह के नाम से हुई है, जो सुल्तानपुर लोधी का रहने वाला था। दुबई में हादसे के बाद नवजोत को अस्पताल भी लेकर गया था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

### रूस में 7.0 तीव्रता के झटकों से हिली धरती



**मॉस्को।** यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, रविवार को रूस के सेवेरो-कुरीलस्क से 121 किलोमीटर पूर्व में 7.0 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। यह भूकंप भारतीय समय के अनुसार सुबह करीब 11 बजे आया। इस भूकंप के बाद कामचटका प्रायद्वीप पर क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी सक्रिय हो गया है। भूकंप का केंद्र 40.8 किलोमीटर की गहराई पर था, जिसकी स्थिति 50.53 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 157.83 डिग्री पूर्वी देशांतर पर दर्ज की गई।

भगवान के दर्शन करने निकला था हिंदू परिवार

## अमेरिका में मंदिर जाते समय लापता हुए 4 भारतीयों की कार दुर्घटना में मौत



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

न्यूयॉर्क से वेस्ट वर्जीनिया जाते समय लापता हुए भारतीय मूल के एक परिवार के चार सदस्य एक दुखद कार दुर्घटना में मृत पाए गए हैं। मरने वाले लोगों की पहचान डॉ. किशोर दीवान, आशा दीवान, शैलेश दीवान और गीता दीवान के रूप में हुई है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक उनकी हल्के हरे रंग की टोयोटा कैमरी 2 अगस्त की रात लगभग 9.30 बजे पश्चिम वर्जीनिया के मार्शल काउंटी में बिग व्हीलिंग क्रीक रोड के किनारे एक खड़ी चट्टान के पास मिली हैं।

**सीसीटीवी के फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में जाते देखा गया था**

रिपोर्ट के मुताबिक इन चारों बुजुर्गों को आखिरी बार 29 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के एक बर्गर किंग आउटलेट पर देखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि बर्गर किंग आउटलेट के सीसीटीवी फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में अंदर जाते देखा गया था और उनके क्रेडिट कार्ड से आखिरी बार किए गए लेन-देन का भी उसी स्थान पर पता चला है।

**चारों बुजुर्गों को आखिरी बार 29 जुलाई को देखा गया था**

### पहचान के बाद शव परिवार को सौंपे

इसके बाद उनकी कार की नंबर प्लेट को पेंसिल्वेनिया स्टेट पुलिस के कैमरे ने आई-79 हाईवे पर दक्षिण की ओर जाते हुए ट्रैक किया था। मार्शल काउंटी के शेरिफ माइक डोहेर्टी ने बताया कि वाहन और शवों की पहचान के बाद परिवार को सौंप दिया गया है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

भारत की तेल सप्लाई रोकी तो चुप नहीं बैठेगा मित्र रूस

# रूस से लगातार तेल खरीदने के भारत के फैसले के साथ खड़ा हुआ चीन, डोनाल्ड ट्रंप को दी नसीहत

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

*भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और 2022 से रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है। अगर अमेरिका भारत की तेल सप्लाई में बाधा डालता है तो मॉस्को को भारी नुकसान हो सकता है।*

डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया है। भारत ने साफ शब्दों में कह दिया है कि रूस उसका समय की कसौटी पर परखा हुआ साथी है। भारत लगातार रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा।

जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत के खिलाफ आग उगल रहे थे। भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले पर कायम रहने को लेकर चीन का साथ मिला है और चीन ने भारत की विदेश नीति को स्वतंत्र बताते हुए तारीफ की है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका की तरफ से जुर्माने की धमकी के बावजूद रूस से तेल खरीदने में तत्काल कोई बदलाव नहीं होगा। भारत के इस फैसले पर चीन ने कहा कि भारत का यह कदम आर्थिक हितों और स्वतंत्र विदेश नीति के पालन के दो विचारों से उपजा है।



**रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा भारत**

भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ये दीर्घकालिक तेल अनुबंध हैं। रातोंरात खरीदारी बंद करना इतना आसान नहीं है। सीनियर भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अधिकारी ने कहा कि, सरकार ने रूस से आयात कम करने के लिए तेल कंपनियों को कोई निर्देश नहीं दिया है। भारत रूस से तेल अपनी आर्थिक जरूरतों की वजह से खरीदता है और अमेरिका की प्रेशर में आकर वो रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा। भारत अपने आर्थिक विकास के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय बनाए रखेगा।

### भारत ने रोकी रूसी तेल खरीद

*वही गुरुवार को बताया था कि ट्रंप की धमकियों के बीच भारतीय सरकारी रिफाइनरियों ने इस सप्ताह रूसी तेल की खरीद रोक दी है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तेल निर्यातक रूस से भारत ने 2022 में ही बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू किया है। इसके पहले यूरोप रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक था, लेकिन 2022 में यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद इसने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद मॉस्को ने नई दिल्ली का रुख किया और भारत एक प्रमुख आयातक बन गया। रूस की दिग्गज तेल कंपनी रोसनेफ्ट की भारत की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक में बड़ी हिस्सेदारी है।*

### रूस पहुंचा सकता है अमेरिका को चोट

विश्लेषकों को डर है कि रूस की कार्रवाई से एक नया वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। भारत अभी रोजाना 20 लाख बैरल तक तेल खरीदता है, जो वैश्विक आपूर्ति का 2 प्रतिशत है। अन्य प्रमुख खरीदार चीन और तुर्की हैं। जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों ने कहा है कि मॉस्को के लिए भारतीय मार्ग इतना महत्वपूर्ण है कि अगर इसमें बाधा पहुंचाई गई तो वह कजाकिस्तान से सीपीसी पाइपलाइन को बंद करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यहां शेवरॉन और एक्सॉन जैसी अमेरिकी तेल कंपनियों की बड़ी हिस्सेदारी है।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने दी प्रतिबंध की धमकी

*राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस को 10 दिनों की डेडलाइन दी है और कहा है कि अगर मॉस्को इस दौरान यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो अमेरिका रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगा देगा। इसके पहले ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो आगामी शुक्रवार से लागू हो रहा है।*

## जम्मू-कश्मीर में खुदाई के दौरान निकलीं 'हिंदू मूर्तियां', दो हजार साल पुरानी होने का अनुमान



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में खुदाई के दौरान शिवलिंग समेत तमाम प्राचीन हिंदू मूर्तियां बरामद की गई हैं। शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि यह मूर्तियां ऐशमुकाम के सलिया इलाके में करकूट नाग इलाके में बरामद की गई हैं। यह इलाका कश्मीरी पंडितों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां के पंडित आमतौर पर इस इलाके को करकूट वंश से जोड़ते हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कि इस वंश ने 625 से 855 ई.पू. तक कश्मीर पर शासन किया था। यह जिला मुख्यालय से लगभग 16 किमी दूर है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक इस जम्मू-कश्मीर राज्य का लोक निर्माण विभाग यहां पर एक झरने के जीर्णोद्धार का काम कर रहा था, इसी दौरान मजदूरों को यह मूर्तियां मिली हैं।

हाई अलर्ट, हमले से मचा हड़कंप

## रूसी कब्जे वाले यूरोप के सबसे बड़े परमाणु प्लांट के पास ड्रोन अटैक, रेडिएशन का खतरा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन के ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के पास ड्रोन हमले की खबर से हड़कंप मच गया है। हमले के बाद वहां आग लग गई और धुएं का गुबार उठता देखा गया, जिससे परमाणु रिसाव और पूरे यूरोप में रेडिएशन खतरे की चिंता पैदा हो गई है। अब तक ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के पास हुए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी किसी भी पक्ष ने आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं की है। चूंकि यह इलाका रूस के नियंत्रण में है, और संयंत्र की सुरक्षा रूसी बलों के हाथ में है। इसलिए रूस आमतौर पर ऐसे हमलों के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराता है।

### यूरोप का सबसे बड़ा यह परमाणु संयंत्र केंद्र

गौरतलब है कि ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है और 2022 से ही यह यूक्रेन-रूस संघर्ष के बीच बार-बार संकट का केंद्र रहा है। यह हमला इस ओर इशारा करता है कि संघर्ष के दौरान परमाणु स्थलों के आस-पास की स्थिति कितनी खतरनाक हो सकती है। आईएईए (अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण) ने रूस और यूक्रेन सभी पक्षों से संयम बरतने और परमाणु संयंत्रों को संघर्ष से दूर रखने की सख्त अपील की है, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

संयम बरतने की अपीलः आईएईए के महानिदेशक ग्रोसी ने एक बार फिर चेतावनी दी कि किसी भी परमाणु संयंत्र के पास किया गया हमला चाहे निशाना कुछ भी हो परमाणु सुरक्षा के लिए एक संभावित खतरा है और इसे हर हाल में रोका जाना चाहिए।

भारत के रिफाइनरी सेक्टर में 5जी की एंट्री, बीएसएनएल और एनआरएल का ऐतिहासिक समझौता

## भारत के डिजिटल में परिवर्तन औद्योगिक आधुनिकीकरण को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संचार मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड एनआरएल ने भारत के डिजिटल परिवर्तन और औद्योगिक आधुनिकीकरण को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता ज्ञापन बीएसएनएल और एनआरएल के लिए रिफाइनरी क्षेत्र में भारत के पहले 5जी सीएनपीएन कैप्टिव नॉन-पब्लिक नेटवर्क की स्थापना के लिए सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है, जिससे सुरक्षित, अति-विश्वसनीय और रियल-टाइम औद्योगिक कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत होगी। यह पहल मिशन-क्रिटिकल कार्यों में स्वदेशी 5जी तकनीक की क्षमता का लाभ उठाने की ओर एक निर्णायक कदम



है बयान में बताया गया है कि यह पहल मिशन-क्रिटिकल कार्यों के लिए स्वदेशी 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। बयान में कहा गया है कि बीएसएनएल और एनआरएल के बीच इस साझेदारी से दूसरे औद्योगिक क्षेत्रों में अनुकरणीय मॉडलों के लिए मंच तैयार होने की उम्मीद है, जिससे केंद्र सरकार के डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

### डीपीई सचिव ने इस पहल की सराहना की

*डीपीई सचिव ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सरकार के 'संपूर्ण सरकार (डब्ल्यूओजी) दृष्टिकोण का एक उत्तम उदाहरण बताया। एनआरएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि 5जी सीएनपीएन के इंटीग्रेशन से न केवल परिचालन दक्षता और साइबर सुरक्षा में वृद्धि होगी, बल्कि एआर/वीआर-आधारित प्रशिक्षण, डिजिटल ट्विन्स और रियल-टाइम आईओटी अनुप्रयोगों जैसी परिवर्तनकारी तकनीकों को भी सक्षम बनाया जा सकेगा। बीएसएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ए रॉबर्ट जे रवि ने कहा, यह साझेदारी नेक्स्ट जनरेशन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ भारत के रणनीतिक क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए बीएसएनएल की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।*

### सीपीएसई के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

*गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय की देखरेख में आयोजित 'इंडस्ट्री 4.0 वर्कशॉप' में सीपीएसई के लिए इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय के तत्वावधान में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए आयोजित 'इंडस्ट्री 4.0 वर्कशॉप' के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्कशॉप में कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के सचिव, एनआरएल के सीएमडी, बीएसएनएल के निदेशक उद्यम व्यवसाय, एनआरएल के एमडी, एमट्रॉन के एमडी और वित्त मंत्रालय तथा विभिन्न सीपीएसई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।*

**आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बढ़ावा**

*वर्कशॉप में चर्चाओं का केंद्र सीपीएसई को परिवर्तनकारी इंडस्ट्री 4.0 तकनीकें अपनाने के लिए सशक्त बनाना रहा वर्कशॉप के दौरान हुई चर्चाओं में सीपीएसई को परिवर्तनकारी इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों को अपनाने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109